# हरिभूमि

जबलपुर

शुक्रवार 20 फरवरी 2026

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

## 'घूसखोर पंडत' पर विवाद खत्म

### शीर्ष कोर्ट में मेकर्स ने कहा- बदलेंगे फिल्म का नाम

**नई दिल्ली।** मनोज बाजपेयी की 'घूसखोर पंडत' फिल्म मामले में सुप्रीम कोर्ट



ने फिल्ममेकर नीरज पांडे को फटकार लगाई थी, कि आप ऐसा टाइटल इस्तेमाल करके समाज के एक हिस्से को क्यों बदनाम कर रहे हैं। जब तक आप हमें बदला हुआ टाइटल नहीं बताते, हम आपको फिल्म रिलीज नहीं करने देंगे। जिसके बाद गुरुवार को फिल्ममेकर नीरज पांडे ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि टाइटल और पब्लिसिटी मटीरियल वापस ले लिया है, नया टाइटल अभी फाइनल नहीं हुआ है।

ज्यादातर राज्य राजस्व घाटे से जूझ रहे, इसके बावजूद वे मुफ्त योजनाएं चला रहे

# चुनावी रेवड़ियों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त... राज्यों को फटकार-आखिर कौनसा मॉडल बना रहे हैं ?

- राजनीतिक दलों को मुफ्त योजनाओं के बजाए सुनियोजित और दीर्घकालिक नीतियों पर ध्यान देना चाहिए
- जैसे रोजगार सृजन और जीवन स्तर सुधारने वाली योजनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश की सर्वोच्च अदालत ने राज्यों में तेजी से बढ़ती 'मुफ्त रेवड़ी संस्कृति' पर एक बार फिर कड़ा प्रहार किया है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि चुनावों से ठीक पहले या लोकलुभावन वादों के तहत मुफ्त सुविधाएं बांटने पर जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा यह न केवल देश के आर्थिक विकास में बाधा डालता है, बल्कि यह देश में एक ऐसी संस्कृति को जन्म दे रहा है जो भविष्य के लिए घातक है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने देश के विभिन्न राज्यों में जारी मुफ्त वितरण की होड़ पर गहरी चिंता व्यक्त की। कोर्ट ने कहा कि विकास परियोजनाओं को नजरअंदाज कर राजस्व घाटे में चल रहे राज्यों द्वारा मुफ्त सुविधाएं बांटना 'तुष्टीकरण की राजनीति' का हिस्सा बनता जा रहा है। यह सुनवाई तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की एक याचिका पर हो रही थी, जिसमें राज्य सरकार ने आर्थिक स्थिति पर विचार किए बिना सभी के लिए मुफ्त बिजली का प्रस्ताव दिया था।

### हर वर्ग को मुफ्त सुविधाएं देना एक गंभीर नीतिगत समस्या

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य यदि गरीब और असमर्थ वर्ग की मदद करना चाहते हैं तो यह समझ में आता है, लेकिन हर वर्ग को बिना भेदभाव के मुफ्त सुविधाएं देना एक गंभीर नीतिगत समस्या है। अदालत ने कहा कि राजनीतिक दलों को मुफ्त योजनाओं के बजाए सुनियोजित और दीर्घकालिक नीतियों पर ध्यान देना चाहिए, जैसे रोजगार सृजन और जीवन स्तर सुधारने वाली योजनाएं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि देश के ज्यादातर राज्य राजस्व घाटे से जूझ रहे हैं, इसके बावजूद वे मुफ्त योजनाएं चला रहे हैं। इस तरह की उदारता से देश का आर्थिक विकास प्रभावित होगा। यह देखना जरूरी है कि आखिर इन फ्रीबीज का लाभ कौन उठा रहा है।*

### सब कुछ मुफ्त तो लोग काम क्यों करेंगे?

जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जयमाल्य बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने इस दौरान कई तीखे सवाल उठाए। सीजेआई ने कहा कि अगर सुबह से शाम तक मुफ्त खाना, मुफ्त साइकिल और मुफ्त बिजली मिलती रहेगी, तो लोग काम क्यों करेंगे? हम देश में कैसी कार्य संस्कृति विकसित कर रहे हैं? सीजेआई सूर्यकांत ने एक महत्वपूर्ण आंकड़ा पेश करते हुए पूछा कि राज्य अपनी वार्षिक कमाई का कम से कम 25 प्रतिशत हिस्सा राज्य के बुनियादी ढांचे (सड़क, अस्पताल, स्कूल) के विकास पर क्यों खर्च नहीं कर सकते? अब अगली सुनवाई (मार्च 2026) में यह तय हो सकता है कि मुफ्त रेवड़ी और जन कल्याण के बीच की महीन रेखा को कैसे परिभाषित किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ये टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब इसी साल 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव होना है।

## खबर संक्षेप

### नियाज खान ने केंद्र में मुस्लिम मंत्री न होने पर उठाए सवाल

**भोपाल।** पूर्व आईएएस अधिकारी नियाज खान ने बांग्लादेश में एक करोड़ हिंदुओं पर दो हिंदू मंत्री



बनाए जाने का स्वागत करते हुए भारत की स्थिति पर सवाल उठाए। खान ने एक्स पर लिखा कि भारत में 20 करोड़ मुस्लिम आबादी होने के बावजूद केंद्र सरकार में एक भी मुस्लिम मंत्री नहीं है। उन्होंने भाजपा से अपील की कि वे कम से कम 2-3 मुस्लिम मंत्रियों की नियुक्ति पर विचार करें।

### खरगोन में 1.49 करोड़ के 5900 गांजे के पौधे जब्त

**खरगोन।** जिले में अवैध गांजा खेती के खिलाफ पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते



हुए करीब डेढ़ करोड़ रुपए मूल्य के पौधे जब्त किए हैं। यह कार्रवाई चैनपुर थाना क्षेत्र की हेलापड़ावा पुलिस चौकी अंतर्गत दो अलग-अलग स्थानों पर एक साथ की गई। एसपी रविंद्र वर्मा ने कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि ऑपरेशन प्रहार' के तहत नशे की अवैध खेती पर यह बड़ी कार्रवाई की गई।

### बाइक और 3 लाख नहीं दिए तो बिना शादी दूल्हा लौटा

**नर्मदापुरम।** यहां एक बारात भोपाल के करोंद से आई। यहां शादी की रस्म के पहले दूल्हे ने



तीन लाख रुपए और बाइक मांगी। दहेज देने से लड़की वालों ने मना कर दिया तो दूल्हा मनीष ढोढिया बिना शादी किए बारात लेकर वापस लौट गया। इसके बाद भी लड़की के जीवन को देखते हुए लड़की के परिजनों ने सोचा कि दूल्हे वालों को मना लेंगे लेकिन कोई नहीं माना। इस पर लड़की वालों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## पीएम मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का उद्घाटन किया

तीन भारतीय कंपनियों ने अपने एआई मॉडल्स और एप्स लॉन्च किए, ये मॉडल्स हमारे युवाओं के टैलेंट को दिखाते हैं

# हमें गर्व है कि भारत को एआई में 'भय' नहीं, बल्कि भाग्य व भविष्य दिखता है

*पीएम ने 20 से ज्यादा देशों और 500 से ज्यादा एआई लीडर्स का भारत में स्वागत किया*





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक एआई इम्पैक्ट समिट भारत में आयोजित किया जा रहा है, जो मानवता के छठे हिस्से का प्रतिनिधित्व करने वाला देश है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव इतिहास का ट्रांसफॉर्मेशन है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में दो तरह के लोग हैं। एक, जिन्हें एआई में भय दिखता है और दूसरे, जिन्हें एआई में भाग्य दिखता है। मैं गर्व और जिम्मेदारी से कहता हूं कि भय नहीं, बल्कि भारत को एआई में भाग्य और भविष्य दिखता है। हमारे पास टैलेंट, एनर्जी कैपेसिटी और पॉलिसी क्लैरिटी है। मुझे खुशी है कि इस समिट में 3 भारतीय कंपनियों ने अपने एआई मॉडल्स और एप्स लॉन्च किए हैं। ये मॉडल्स हमारे युवाओं के टैलेंट को दिखाते हैं व भारत जो समाधान दे रहा है, उसकी गहराई और विविधता का भी प्रतिबिंब हैं। मोदी के भाषण के दौरान एक खास आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फीचर चर्चा का केंद्र रहा।

मोदी का भाषण खास एआई फीचर से साइन लैंग्वेज में लाइव ट्रांसलेट



बाएं से ब्राजील राष्ट्रपति लूला, पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों

### पीएम मोदी ने एआई के लिए 'मानव विजन' (एमएएनएवी) पेश किया

- 'एम' का मतलब नैतिक और एथिकल सिस्टम
- 'ए' का मतलब जवाबदेह शासन
- 'एन' का मतलब राष्ट्रीय संप्रभुता
- 'ए' का मतलब सुलभ व समावेशी
- 'वी' का मतलब वैध और प्रामाणिक

### *इस समिट की थीम 'सर्वजन हिताय- सर्वजन सुखाय'*

### और, क्या बोले पीएम

#### प्रश्न ये है कि वर्तमान में हम एआई के साथ क्या करते हैं?

आज मशीन लर्निंग से लर्निंग मशीन तक का सफर तेज भी है, गहरा भी है, व्यापक भी है। इसलिए हमें विजन भी बड़ा रखना है और जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी निभानी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढ़ी के साथ ही हमें इस बात की भी चिंता करनी है कि आने वाली पीढ़ियों के हाथों में हम एआई का क्या स्वरूप सौंपकर जाएंगे।

### कंटेंट पर ऑथेंटिसिटी लेबल की जरूरत

एआई के लिए इंसान सिर्फ डेटा प्वॉइंट न बन जाए, इंसान सिर्फ रॉ मटेरियल तक सीमित न रह जाए। इसलिए एआई को लोकतांत्रिक करना होगा। इसे समावेशी और अधिकारिता का माध्यम बनाना होगा और विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण में। जैसे खाने के सामान पर न्यूट्रिशन लेबल होता है, वैसे ही डिजिटल कंटेंट पर भी स्पष्ट लेबल होना चाहिए। इससे लोगों को पता चल सकेगा कि क्या असली है और क्या एआई द्वारा बनाया गया (फैब्रिकेटेड) है। एआई नौकरियां खत्म नहीं करेगा बल्कि नए अवसर पैदा करेगा।

### अंबानी का बड़ा ऐलान- अगले 7 वर्षों में 10 लाख करोड़ का निवेश करेंगे

एआई इंपैक्ट समिट में भारत के अरबपति उद्योगपति मुकेश



मुकेश अंबानी

अंबानी ने भी बड़े एलान किए। उन्होंने मौजूदा दौर में कृत्रिम बुद्धिमता के असर को रेखांकित करते हुए कहा कि आज एआई को लेकर दुनिया दोराहे पर खड़ी है। एक रास्ता कम, महंगे एआई और कंट्रोल्ड डेटा की तरफ ले जाता है, दूसरा सस्ता, आसानी से मिलने वाली एआई की सुविधा सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि जियो और रिलायंस इंडिया लिमिटेड इस साल से शुरूआत कर अगले 7 वर्षों में 10 लाख करोड़ का निवेश करेंगी।

### बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन...क्या भारत भी इसके लिए तैयारः मैक्रों



इमैनुएल मैक्रों

फ्रांस सरकार 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन करने जा रही है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के चौथे दिन मुख्य भाषण देते हुए यह जानकारी दी। मैक्रों ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर कोई नियम-कानून नहीं है, बल्कि यह पूरी तरह से सभ्यता की सुरक्षा है। उन्होंने पूछा क्या भारत बच्चों और टीनएजर्स की सुरक्षा के लिए इसी दिशा में कदम उठाएगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि युवा नागरिक सच में सुरक्षित हैं। यूरोप इनोवेशन और इन्वेस्टमेंट का स्थान है। यूरोप सुरक्षित है और सुरक्षित जगह बनाने में लंबा समय लगेगा। फ्रांस और भारत का एक ही नजरिया है।

## 2003 के बाद मध्य पूर्व में सबसे बड़ी सैन्य तैनाती

पोलैंड ने अपने नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने की चेतावनी दी

# ईरान पर हमले की तैयारी, ट्रंप ने तैनात किए घातक एफ-22 और एफ-35 लड़ाकू विमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका ने ईरान पर हमले के लिए 2003 के बाद मध्य पूर्व में सबसे बड़ी सैन्य तैनाती की है। इसमें बड़ी संख्या में एफ-35 और एफ-22 लड़ाकू विमान भी शामिल हैं, जो स्टील्थ तकनीक से लैस हैं। इन लड़ाकू विमानों के अलावा दो एयरक्राफ्ट कैरियर भी ईरान के नजदीक मौजूद हैं। इनके साथ ही बड़ी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर विमान, एरियल



फाइल फोटो

रिफ्यूलिंग विमान और मिलिट्री ट्रांसपोर्ट विमान भी मध्य पूर्व पहुंच चुके हैं। ये विमान जरूरत पड़ने पर ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। इस बीच पोलैंड ने अपने नागरिकों को ईरान छोड़ने की चेतावनी दी है। अमेरिकी किसी भी समय ईरान पर हमला कर सकता है। अमेरिकी सेना ईरान पर हमले से पहले सिर्फ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश का इंतजार कर रही है। यूएसएस अब्राहम लिंकन ईरान से सिर्फ 700 किमी की दूरी पर मौजूद है। वहीं, दूसरा यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड मध्य पूर्व पहुंच चुका है। इस बीच पोलैंड ने अपने नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने की चेतावनी दी है।

### जंग की आहटः सेंसेक्स 1236 अंक लुढ़का, निवेशक लहुलूहान 7.5 लाख करोड़ स्वाह

भारतीय शेयर बाजारों में गुरुवार को भारी गिरावट देखने को मिली। कारोबार के अंत में, बीएसई सेंसेक्स 1236.11 अंक या 1.48 फीसदी की गिरावट के साथ 82,498.14 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 365 अंक या 1.41 फीसदी का गोता लगाकर 25,454.35 के स्तर पर बंद हुआ। यहां तक कि सभी सेक्टोरल इंडेक्स भी लाल निशान में रहे।

## मप्र के बजट के खिलाफ महिला कांग्रेस का प्रदर्शन



### ठेले पर स्कूटी-सिलेंडर रख कर महंगाई का विरोध, पुलिस से झड़प

**भोपाल।** महिलाओं को महंगाई से राहत न मिलने का आरोप लगाते हुए महिला कांग्रेस ने राजधानी की सड़कों पर जोरदार प्रदर्शन किया। डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के बंगले का घेराव करने निकलीं कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बीच रास्ते में रोक दिया, जिसके बाद महिलाओं की पुलिस से झड़प भी हुई।

## भाजपा और आरोपी दोनों ने झाड़ा पल्ला

कांग्रेस ने एक वीडियो शेयर किया

# राहुल गांधी और 25 सांसदों को मारने की धमकी देने वाला अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और 25 कांग्रेस सांसदों को घर में घुसकर गोली मारने की सनसनीखेज धमकी दी गई। कांग्रेस ने एक वीडियो शेयर किया जिसमें राजसिंह आमेरा आरोपी ने संसद में ओम बिरला के साथ हुए व्यवहार के लिए राहुल गांधी को जिम्मेदार ठहराया।

कोटा पुलिस ने 4 मुकदमों वाले इस आरोपी को दबोच लिया है। जानते हैं आरोपी अब खुद को निर्दोष क्यों बता रहा है। कांग्रेस की ओर से शेयर किए गए वीडियो में



राजसिंह आमेरा

आरोपी राज आमेरा बेहद आक्रामक तेवर में नजर आ रहा है। उसने संसद में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के चेंबर के बाहर विपक्ष द्वारा किए गए हंगामे का जिक्र करते हुए कहा कि ओम बिरला के खिलाफ 25 सांसदों ने जो बदतमीजी की है, उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोबारा ऐसा हुआ तो सांसदों के घरों में तोड़फोड़ करेंगे और एक-एक को गोली मारेंगे। आरोपी ने सीधे राहुल गांधी को चुनौती देते हुए कहा कि- राहुल गांधी सुन लें, उन्हें घर में घुसकर गोली मारेंगे। इसके बाद चाहे मुझे जेल हो जाए, मुझे परवाह नहीं। राजसिंह आमेरा कोई साधारण युवक नहीं, बल्कि एक आदतन अपराधी है। उस पर पहले से ही चार आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। भाजपा ने स्पष्ट किया कि इस व्यक्ति का भारतीय जनता पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है।

## 4 जिलों में गिरे मटर के आकार के ओले, तेज हवाओं से फसलों को नुकसान

एक नया डब्ल्यूडी 22 फरवरी को सक्रिय होगा, लेकिन प्रदेश में ज्यादा असर नहीं करेगा

# भोपाल, सागर में सबसे अधिक गिरा पारा आधा प्रदेश भीगा, दो दिन ऐसा ही मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में 24 घंटे के दौरान कई जिलों में बारिश का दौर चला। कुछ जिलों में मटर के आकार के ओले भी गिरे। इस बीच गुरुवार को प्रदेश में दिन के पारे में सर्वाधिक कमी भोपाल और सागर में दर्ज की गई। यहां दिन का पारा 5-5 डिग्री गिरकर क्रमशः 26.4 और 26.2 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से 2.2 डिग्री कम है। प्रदेश के बारिश वाले जिलों में दिन का पारा औसतन डेढ़ डिग्री तक गिरा है। बुधवार से गुरुवार के बीच आधे प्रदेश में तेज हवाओं के साथ बारिश का सिलसिला चलने से खेतों में खड़ी फसलों को कुछ नुकसान की खबर है।



भोपाल टॉकीज रोड से लिया गया फोटो, शाम 6 :10 बजे का दृश्य

### यहां तेज आंधी-बारिश और ओले गिरे

बुधवार रात से गुरुवार शाम तक आधे प्रदेश में बारिश हुई। 24 घंटे में सर्वाधिक बारिश शहडोल संभाग में हुई। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, चंबल संभागों के जिलों में कुछ जगह बारिश हुई। ग्वालियर संभाग के अधिकांश शहरों में बारिश दर्ज की गई। नीमच, मंदसौर, श्योपुरकलां और राजगढ़ जिलों में कुछ जगह मटर के आकार के ओले गिरे हैं।

### आज यहां बारिश का अलर्ट

शुक्रवार को विदिशा, रायसेन, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर आदि जिलों में कुछ जगह मध्यम हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होगी।

ज्यादा लोड डालकर किया चेक, ये अंतरिक्ष यात्रियों की धरती पर वापसी में जरूरी

# गगनयान मिशन के ड्रोग पैराशूट का सफल परीक्षण

एजेंसी ⏭ चंडीगढ़

भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए ड्रोग पैराशूट का क्वालिफिकेशन लेवल लोड टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा हुआ। क्वालिफिकेशन लेवल टेस्ट में अधिकतम उड़ान भार से ज्यादा लोड डालकर पैराशूट की मजबूती और सुरक्षा मार्जिन की जांच की गई। इस टेस्ट के बाद पक्का हुआ कि भारत मजबूत और बड़ी क्षमता वाले रिबन पैराशूट को डिजाइन और बनाने में पूरी तरह सक्षम है। साथ ही पैराशूट असली मिशन जैसी परिस्थितियों में भी सुरक्षित और ठीक तरह से काम करेगा। गगनयान मिशन में अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाने के लिए ड्रोग पैराशूट बहुत जरूरी है। जब कैप्सूल पृथ्वी के वातावरण में लौटता है, तो यही पैराशूट उसकी तेज गति को कम करने में मदद करता है।

गगनयान मिशन की सुरक्षा में महत्वपूर्ण कदम | यह पैराशूट कैप्सूल की गति को कम करता है

**भारत के पास बेहतरीन तकनीक और क्षमता**


डीआरडीओ ने ड्रोग पैराशूट का सफल परीक्षण किया

आरटीआरएस एक खास तरह की टेस्टिंग सुविधा है। यहां बहुत तेज रफ्तार वाली चीजों की मजबूती और उनके काम करने के तरीके की जांच होती है। इस टेस्ट के दौरान पैराशूट पर उतना दबाव डाला गया, जितना अंतरिक्ष से लौटते समय असली उड़ान में होता है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस दबाव को असली उड़ान से भी ज्यादा रखा गया था। इस सफल टेस्ट ने साबित कर दिया कि भारत के पास मजबूत रिबन पैराशूट बनाने की बेहतरीन तकनीक और क्षमता है। यह गगनयान मिशन की सुरक्षा के लिए एक बहुत जरूरी कदम माना जा रहा है।

### कई टीमों ने मिलकर किया काम

यह टेस्ट बुधवार (18 फरवरी) को चंडीगढ़ स्थित टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी (टीआरबीएल) की रेल ट्रैक रॉकेट स्लेड (आरटीआरएस) सुविधा में किया गया। यह डायनेमिक टेस्ट डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) की स्पेशल हाई-स्पीड एयरोडायनेमिक और बैलिस्टिक मूल्यांकन सुविधा आरटीआरएस में पूरा हुआ। इसमें इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गनाइजेशन (इसरो) के विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर, डीआरडीओ की एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट और टीआरबीएल की टीमों ने भाग लिया।

## ईरान में 5.5 तीव्रता का भूकंप, जनहानि नहीं

**तेहरान।** अमेरिका के साथ बढ़ते तनाव के बीच ईरान के दक्षिणी हिस्से में 5.5 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। भूकंप का केंद्र जमीन से लगभग 10 किमी की कम गहराई पर था, जिसके कारण झटके अधिक तीव्र महसूस किए गए। भूकंप के झटके ईरान के साथ-साथ पड़ोसी देशों में भी महसूस किए गए। क्षति का आकलन स्थानीय प्रशासन की तरफ से किया जा रहा है। घटना ऐसे समय में हुई है जब ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बना हुआ है। इसी कारण कुछ हलकों में परमाणु परीक्षण को लेकर अटकलें भी लगाई जा रही हैं। हालांकि, अब तक किसी आधिकारिक एजेंसी ने भूकंप को परमाणु गतिविधि से जोड़ने की पुष्टि नहीं की है।

एपस्टीन मामले में फंसे किंग चार्ल्स के भाई

# पुलिस ने किया गिरफ्तार, लगे पद पर रहते कदाचार के आरोप

एजेंसी ⏭ लंदन

अमेरिका के दोषी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से संबंधों के मामले में ब्रिटेन में बड़ी कार्रवाई हुई है। इस मामले में पुलिस ने किंग चार्ल्स के छोटे भाई एंड्रयू माउंटबेटन विंडसर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जेफरी एपस्टीन से संबंधों को लेकर सार्वजनिक पद पर कदाचार के शक में प्रिंस एंड्रयू को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को पूर्वी इंग्लैंड के सैंड्रिंघम एस्टेट स्थित वुड फार्म में छह बिना नंबर वाली पुलिस कारें और सादे कपड़ों में 8 पुलिस अधिकारी पहुंचे थे। एंड्रयू ने कहा कि उन्हें अपनी दोस्ती पर पछतावा है।


एंड्रयू माउंटबेटन


बिल गेट्स

### एआई समिट में गेट्स का भाषण नहीं

माइक्रोसॉफ्ट के सहसंस्थापक और अरबपति बिल गेट्स भारत में चल रही एआई समिट में भाषण नहीं देंगे। गेट्स फाउंडेशन की भारत इकाई की ओर से साझा की गई। बयान में कहा गया कि सावधानीपूर्वक विचार के बाद यह निर्णय लिया गया है, ताकि समिट की मुख्य प्राथमिकताओं पर पूरा ध्यान केंद्रित रखा जा सके।

# खजुराहो नृत्य समारोह : शास्त्रीय नृत्य की विश्वविख्यात परंपरा

अनुरोध पटेरिया

खजुराहो नृत्य समारोह में सामिल होना प्रारंभ से ही कला साधकों और प्रेक्षकों के लिये अपनी योग्यता को श्रेष्ठता प्रदान करने का मंच रहा है।इस मुक्ताकाशी मंच पर प्रदर्शन का अवसर मिलना हरेक कला साधक को पूर्णता का आभास कराता है। मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित विश्व धरोहर खजुराहो मंदिर समूह की पृष्ठभूमि में आयोजित खजुराहो नृत्य समारोह की शुरुआत वर्ष 1975 में हुई थी। इसका उद्देश्य भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों को प्राचीन मंदिर वास्तुकला और सांस्कृतिक विरासत के साथ जोड़कर वैश्विक मंच प्रदान करना था। यह समारोह प्रतिवर्ष प्रायः फरवरी माह में आयोजित किया जाता है और एक सप्ताह तक चलता है। कंदरिया महादेव और चित्रगुप्त मंदिर परिसर की पृष्ठभूमि में बना मुक्ताकाश मंच इस आयोजन की भव्यता को और बढ़ाता है।भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपराओं का संरक्षण और संवर्धन के लिए देश के कलाकारों को अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करता है। खजुराहो की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से प्रारम्भ हुए आयोजन ने पर्यटन को बढ़ावा ।खजुराहो नृत्य समारोह का आयोजन मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा किया जाता है।इसमें उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद तथा मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग का सहयोग रहता है।इस मंच पर भारत की सभी प्रमुख शास्त्रीय नृत्य विधाओं की प्रस्तुतियां होती रही हैं, जिनमें भरतनाट्यम, कथक, ओडिसी,कुचिपुड़ी, मणिपुरी, मोहिनीअट्टम,कथकली आदि प्रमुख हैं।पिछले पांच दशकों में देश के अनेक दिग्गज नृत्यांगनाओं और कलाकारों ने यहां अपनी प्रस्तुति दी है, जिनमें पंडित बिरजू महाराज,सोनल मानसिंह,यामिनी कृष्णमूर्ति ,रमा वैद्यनाथन,मल्लिका साराभाई,राजा-राधा रेड्डी ,केलुचरण महापात्र, सितारा देवी,हेमा मालिनी ,मीनाक्षी शेषाद्रि,पद्मा सुब्रह्मण्यम,बैजन्ती माला बाली,अलार्मेल वल्ली,गुरू माया राव,शाश्वती सेन आदि अनेक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कलाकार शामिल हुए।मंदिरों की अद्भुत शिल्पकला के नजदीक बने मुक्ताकाश मंच शास्त्रीय नृत्य के साथ संगीत, प्रकाश और ध्वनि का बेहतर समन्वयकला प्रेमियों और विदेशी पर्यटकों की बड़ी भागीदारी को सुनिश्चित करता है। पांच दशकों से अधिक समय से निरंतर आयोजित हो रहा यह समारोह आज भारत के प्रतिष्ठित सांस्कृतिक आयोजनों में गिना जाता है। यह न केवल शास्त्रीय नृत्य का उत्सव है, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक सौंदर्य का जीवंत प्रतीक भी है।खजुराहो नृत्य समारोह ने देश की सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करते हुए विश्व पटल पर भारतीय नृत्य परंपरा की गरिमा को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं।आज से प्रारंभ हो रहे महोत्सव में 20 फरवरी को पद्मश्री गीता चन्द्रन द्वारा भरतनाट्यम और शाश्वती सेन द्वारा कथक,21 फरवरी को सोनल मानसिंह द्वारा ओडिसी एवं राजा–राधा रेड्डी द्वारा कुचिपुड़ी, 22 फरवरी को केरल कला मंडलम द्वारा कथकली एवं कनक रेल द्वारा मोहिनीअट्टम,23 फरवरी को झावेरी सिस्टर्स द्वारा मणिपुरी,24 फरवरी को सत्रिया की प्रस्तुति जनमेजय महन्ता द्वारा 25 फरवरी को समूह नृत्य केलुचरण महापात्रा स्मृति नृत्य दल द्वारा 26 फरवरी को समापन पर विशेष प्रस्तुति पं. बिरजू महाराज स्मृति कथक केंद्र द्वारा दी जाएगी।

**कला साधकों और प्रेक्षकों का संगम**






# किम जोंग ने दुनिया को दिखाई ताकत

## परमाणु रॉकेट लॉन्चर चलाया 'निशाने' पर साउथ कोरिया!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

किम जोन युंग ने नॉर्थ कोरिया की राजधानी प्योंगयांग में एक समारोह के दौरान परमाणु क्षमता वाले मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर को खुद चलाकर अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन किया। यह दुनिया के सबसे शक्तिशाली रॉकेट सिस्टम में से एक है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया अक्सर किम की ऐसी तस्वीरें और वीडियो जारी करती है, ताकि देश के भीतर उनकी छवि मजबूत हो ।

### 600 मिमी रॉकेट सिस्टम की ताकत

ताजा फुटेज में 600 मिमी रॉकेट सिस्टम के 50 लॉन्चर वाहनों को पंक्तियों में खड़ा दिखाया गया। हर वाहन में पांच रॉकेट ट्यूब हैं। तस्वीरों में किम काले जैकेट में मोबाइल मिसाइल लॉन्चर से उतरते और फिर खुद वाहन चलाते दिखाई दिए। सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए के मुताबिक, उन्होंने इस हथियार को 'पूर्ण शक्ति का प्रतीक' बताया।









# 1300 फीट ऊंची लावा फाउंटेन, हवाई का ज्वालामुखी फिर हुआ बेकाबू

**हवाई द्वीप।** यहां के किलाउएआ ज्वालामुखी ने 15 फरवरी 2026 को ऐसा मंजर दिखाया कि रात का आसमान आग की रोशनी से भर गया। 1300 फीट ऊंची लावा फाउंटेन और 35000 फीट तक उठता धुएं का गुबार...सब कुछ नेशनल पार्क के भीतर ही रहा, बिना किसी खतरे के. कुदरत का यह शो करीब 10 घंटे चला और अब दुनिया एपिसोड 43 का इंतजार कर रही है।



### क्या हुआ एपिसोड 42 में

15 फरवरी 2026 को किलाउएआ ज्वालामुखी ने अपना 42वां धमाकेदार एपिसोड दिखाया। यह विस्फोट हवाई के हवाई ज्वालामुखी राष्ट्रीय उद्यान के समिट क्रेटर के भीतर हुआ। दक्षिणी वेंट से लावा करीब 400 मीटर यानी 1300 फीट तक आसमान में उछला, जबकि उत्तरी वेंट 300 मीटर तक पहुंचा. गैस और राख का बादल 35000 फीट तक चढ़ गया। करीब 9 घंटे 48 मिनट तक यह नजारा चलता रहा।

### कितना लावा निकला

अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक करीब 1.5 करोड क्यूबिक यार्ड पिघला पत्थर क्रेटर में भर गया। यह मात्रा लगभग 11000 ओलंपिक स्विमिंग पूल भरने जितनी है। हल्की राख और सुनहरी ज्वालामुखीय कांच जिसे पेले के बाल कहा जाता है, हवा के साथ दूर खाली इलाकों में जा गिरी। राहत की बात यह रही कि किसी आबादी को कोई खतरा नहीं हुआ।

### घंटों चलता रहा आग का तमाशा

किलाउएआ धरती के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में गिना जाता है। 23 दिसंबर 2024 से चल रहे इस सिलसिले में यह 42वां एपिसोड था। हर एपिसोड छोटा, लेकिन जबरदस्त होता है, फिर कुछ हफ्तों का सुकून। यह घटना इसलिए अहम ह, क्योंकि यह दिखाती है कि हमारी धरती कितनी जिंदा है। वैज्ञानिक अब एपिसोड 43 पर नजर रखे हुए हैं, जो मार्च में हो सकता है। आग की इन नदियों ने फिर साबित कर दिया कि कुदरत का जलवा किसी आतिशबाजी से कम नहीं।

---

**मौत की घाटी में हुआ चमत्कार!**

# दुनिया की सबसे गर्म जगह पर बिछने वाली है फूलों की चादर

**न्यूयार्क।** दुनिया की सबसे गर्म और सूखी जगह मानी जाने वाली डेथ वैली जल्द ही रंगों से सजने वाली है। साल 2026 में यहां सूपर ब्लूम के संकेत देखने को मिल रहे हैं। जहां बरसों से मिट्टी में दबे बीज अब रंग-बिरंगे फूलों के रूप में बाहर आने को तैयार हैं। डेथ वैली दुनिया की सबसे गर्म और सूखी जगहों में से एक है। लेकिन, 2026 में यहां की स्थिति बदल रही है और चारों तरफ सुंदर जंगली फूल खिलने के संकेत मिल रहे हैं। पार्क अधिकारियों ने बताया कि, कई जगहों पर छोटे-छोटे पौधे उगने लगे हैं और उम्मीद है कि इस साल के आखिर तक यहां रेगिस्तानी फूलों की एक खूबसूरत चादर देखने को मिलेगी। डेथ वैली में फूलों का खिलना कोई आसान काम नहीं है।

### रेगिस्तान में कैसे होता है ये जादू?

डेथ वैली की जमीन के नीचे भारी मात्रा में बीजों का भंडार छिपा है। इनमें से कुछ बीज तो सालों या दशकों तक मिट्टी में दबे रहते हैं और सही समय का इंतजार करते हैं। ये बीज तब तक नहीं उगते जब तक कि अच्छी बारिश का पानी गहराई तक न पहुंच जाए। जैसे ही बारिश होती है यह सूखी और बंजर जमीन अचानक बदल जाती है।



### कैसे नजर आते हैं फूल?

डेथ वैली नेशनल पार्क के रेंजरों ने बताया है कि निचले मैदानों में छोटे-छोटे पौधे दिखने लगे हैं। यहां सबसे पहले फूल खिलते हैं। अगर आने वाले कुछ हफ्तों तक हल्की बारिश होती रही तो पहाड़ों और ऊंचे इलाकों में भी चारों तरफ फूल ही फूल नजर आएंगे। इतिहास में जब भी यहां शानदार फूल खिले हैं तो उसके पीछे समुद्र से उठने वाले तूफानों और सर्दियों की भारी बारिश का हाथ रहा है।

### क्या है फूल देखने का सही समय?

नीचे के मैदानी इलाकों में फूल जल्दी खिल जाते हैं, लेकिन ऊंचे पहाड़ी इलाकों में फूल दिखने में कई हफ्ते लग सकते हैं। पार्क के अधिकारियों की सलाह है कि अपनी ट्रिप प्लान करने से पहले ताजा जानकारी जरूर चेक करें ,क्योंकि रेगिस्तान का मौसम कभी भी बदल सकता है।

### प्रकृति और जीवों के लिए वरदान

ये जंगली फूल सिर्फ देखने में सुंदर नहीं हैं, बल्कि रेगिस्तान के लिए बहुत जरूरी हैं। ये कीड़ों और पक्षियों के लिए भोजन का मुख्य जरिया हैं और साथ ही ये फूल अपनी जड़ों से रेगिस्तान की मिट्टी को बहने या उड़ने से रोकने में मदद करते हैं। हर बार जब ये खिलते हैं तो वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद मिलती है कि मौसम और जलवायु में आने वाले बदलावों का इन नाजुक इलाकों पर क्या असर है।

### जीवन की जीत का संदेश


अगर मौसम ऐसा ही बना रहा तो 2026 डेथ वैली के इतिहास में सबसे यादगार साल बन सकता है। दुनिया की सबसे कठिन और गर्म जगह कुछ समय के लिए रंगों से भर जाएगी। यह इस बात का सबूत है कि जीवन कितना मजबूत है और वह किसी भी मुश्किल जगह पर खिल सकता है।

---

**700 किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से चली सौर हवा**

# सूरज ने खोला 8 लाख किमी चौड़ा दरवाजा, धरती की ओर बढ़ा सौर तूफान

**वॉशिंगटन।** बीती 17 फरवरी से अंतरिक्ष की दुनिया में हलचल जारी है। 16 फरवरी को सूर्य की सतह पर 8 लाख किलोमीटर से ज्यादा चौड़ा कोरोनल होल देखा गया। यह विशाल खुला चुंबकीय गलियारा सीधे पृथ्वी की ओर मुंह किए है। नासा की सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी ने इसकी तस्वीरें जारी कीं, जिनमें यह दक्षिण से उत्तर तक फैला दिखा।



### क्या है कोरोनल होल

कोरोनल होल कोई आग का गोला नहीं, बल्कि सूर्य का वह इलाका है, जहां से सौर पवन बेहद तेजी से बाहर निकलती है। इस बार सौर हवा की गति 700 किलोमीटर प्रति सेकंड तक पहुंच गई। जब यह तेज प्लाज्मा पृथ्वी के मैग्नेटिक फील्ड से टकराता है तो भू-चुंबकीय तूफान बनता है।



### जी2 तूफान और रंगीन आसमान

नोआ ने 16 फरवरी की शाम जी2 श्रेणी का भू-चुंबकीय तूफान घोषित किया। एल1 प्वाइंट पर रफ्तार 650 किलोमीटर प्रति सेकंड से ऊपर दर्ज हुई, जहां आदित्य-एल1 भारत तैनात है। नतीजा, स्कॉटलैंड समेत कई इलाकों में चार रातों से हरे, लाल और बैंगनी ऑरोरा लाइट चमक रही हैं। फोटोग्राफरों ने इसे असाधारण बताया।

### आगे क्या होगा

विशेषज्ञों के अनुसार 19 फरवरी के आसपास सी फ्लेयर से जुड़ा कोरोनल मास इजेक्शन यानी सीएमई पृथ्वी तक पहुंच सकता है। इससे जी1, जी2 स्तर का एक और सौर तूफान आ सकता है। हालांकि, यह मध्यम स्तर का है, इसलिए बिजली ग्रिड और सैटेलाइट पर हल्का असर संभव है, लेकिन बड़े खतरे की आशंका नहीं। फिलहाल सौर चक्र 25 अपने पीक पर है, जो 2025-26 में सबसे ज्यादा सक्रिय माना जा रहा है। यह घटना वैज्ञानिकों के लिए रोमांचक और आम लोगों के लिए आसमान का खूबसूरत लाइट शो है, लेकिन अंतरिक्ष के इन इशारों को समझना जरूरी है, क्योंकि सूरज जब करवट लेता है, तो पूरी धरती उसकी गूंज महसूस करती है।

---

# वीआईटी वाइस प्रेसिडेंट शंकर विश्वनाथन थाई विश्वविद्यालय की मानद डॉक्टरेट से सम्मानित

**वेल्लोर।** वीआईटी के वाइस प्रेसिडेंट शंकर विश्वनाथन को थाईलैंड के राजमंगला यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी क्रुंगथेप (आरएमयूटीके) द्वारा इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (मानद) की उपाधि प्रदान की गई है। यह प्रतिष्ठित उपाधि विश्वविद्यालय परिषद की सर्वसम्मत स्वीकृति के बाद प्रदान की गई। यह सम्मान श्री शंकर के उत्कृष्ट नेतृत्व, पेशेवर उपलब्धियों तथा इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देता है।यह उपाधि उन्हें थाईलैंड



की प्रिवी काउंसिल के सदस्य पलाकोरन सुवर्णरथ तथा पिछल जन्मनी, अध्यक्ष, राजमंगला यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी क्रुंगथेप (आरएमयूटीके) द्वारा प्रदान की गई। यह मानद उपाधि संस्थान द्वारा विशिष्ट सेवा और पेशेवर उत्कृष्टता के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च शैक्षणिक सम्मान है। अपने स्वीकृति भाषण में डॉ. शंकर ने भारत और थाईलैंड की साझा संस्कृति एवं ज्ञान परंपराओं का उल्लेख करते हुए दोनों देशों के बीच अधिक सक्रिय शैक्षणिक सहयोग का आह्वान किया। समारोह में वीआईटी के चांसलर जी. विश्वनाथन, रमणी बालासुंदरम, असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट काधंबरी एस. विश्वनाथन तथा डॉ. श्रवण कृष्णा भी उपस्थित थे।

---

## राशिफल

**मेष** – वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** – धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** – माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** – आत्मवशिवास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शिक्षा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** – स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवशिवास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा ।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** – वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** – शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** – कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवशिवास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** – कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** – कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

---

# अंटार्कटिका के गहरे बर्फीले समंदर में पहली बार दिखी शार्क

**लंदन।** अंटार्कटिका में वैज्ञानिकों ने कुछ ऐसा देखा कि वो हैरत में पड़ गए। दरअसल, उन्होंने अंटार्कटिका के लगभग जमते पानी में पहली बार एक विशाल शार्क को देखा। जनवरी 2025 में यह दुर्लभ दृश्य रिकॉर्ड किया गया था। इस दौरान एक स्लीपर शार्क समुद्र तल पर सुस्त गति से तैरती नजर आई। बताया जा रहा है कि शार्क की लंबाई 3 से 4 मीटर थी और वो करीब 490 मीटर की गहराई में देखी गई। यहां पर पानी का तापमान 1.27 डिग्री सेल्सियस था। अभी तक वैज्ञानिक मानते थे कि इतनी ठंडी अंटार्कटिक जलधाराओं में शार्क का अस्तित्व संभव नहीं है। स्केट की मौजूदगी से वैज्ञानिक हैरान नहीं : वैज्ञानिकों के लिए स्केट की मौजूदगी आश्चर्यजनक नहीं थी, क्योंकि उनकी प्रजाति पहले से ही इस इलाके में ज्ञात है। विशेषज्ञ मानते हैं कि जलवायु परिवर्तन और समुद्र के बढ़ते तापमान की वजह से शार्क जैसी प्रजातियां अब ठंडे इलाकों की तरफ बढ़ रही हो सकती हैं। हालांकि, यह भी संभव है कि स्लीपर शार्क लंबे समय से इन गहराइयों में मौजूद रही हो, लेकिन इंसानों ने नहीं देखा हो।

---


**कार्यालय नगर पंचायत भानुप्रतापपुर जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**

क्र./832/ लो.नि.वि./न.पं./2025-26 भानुप्रतापपुर, दिनांक 19/02/2026

**// ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //**

Main Portal:- https://eproc.cgstate.gov.in

नगर पंचायत भानुप्रतापपुर द्वारा निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का नाम | प्राकल्लन राशि (लाख में) | अमानत राशि (टी.डी.आर./ एफ.डी.आर. में) | समयावधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 185924 | CONSTRUCTION OF SHOPPING COMPLEX AT DALLIRAJHARA ROAD WARD NO. 03 BHANUPRATAPPUR (निकाय/ प्रीमियम मद) | 168.55 | 126500.00 | 12 माह | सक्षम श्रेणी में पंजीकृत |

उपरोक्त निविदा संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्ते उल्लेखित वेबसाईट एवं विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता हैं एवं नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण विभाग शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

ई-प्रोक्यूरमेंट बीड सबमिट करने की अंतिम तिथि 05/03/2026 दिन गुरूवार को शाम 5.30 बजे तक एवं फिजिकल डाक्यूमेंट सबमिट करने की अंतिम तिथि 06/03/2025 शुक्रवार को शाम 5.30 बजे तक तथा ई-निविदा खोलने की तिथि 09/03/2026 सोमवार को प्रातः 11.00 बजे निर्धारित की गई है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत भानुप्रतापपुर
जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)



**आवश्यकता**

आवश्यकता है - अनुभवी सुरक्षागार्ड, गनमैन, फिल्ड ऑफिसर, सिक्युरिटी सुपरवाइसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलु कामवाली बाई वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री। पता- साई सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 8085233213, 8253010291, 722302602, 8889997826 (बिलासपुर /04/मार्च 26)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडलीय अभियंता (समन्वय) / एस.ई.सी. आर., नागपुर निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं :-

**क्र 01. निविदा सूचना क्रमांक : S/38/NGP/ 2025-2026**
**कार्य का नाम :** एडीईएन/एनएबी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे अस्पताल एवं विभिन्न सेवा भवनों में कलर कोटेड शीट प्रदान कर, प्लास्टरिंग एवं अच्छी गुणवत्ता की फ़्लोरिंग आदि द्वारा सुधार कार्य।
**अनुमानित निविदा मूल्य :** रु. 51,48,585/- **बिड सुरक्षा :** रु. 1,03,000/-

**क्र. 02. निविदा सूचना क्रमांक : S/39/NGP / 2025-2026**
**कार्य का नाम :** एडीईएन/नागभीर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एमएमई स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या 2 को एमएल से एचएल तक ऊँचा करने का कार्य।
**अनुमानित निविदा मूल्य :** रु.1,07,28,456/- **बिड सुरक्षा :** रु. 2,03,700/-

**क्र 03. निविदा सूचना क्रमांक : E/52/NGP /2025-2026**
**कार्य का नाम :** (1) एडीईएन/डोंगरगढ़ (डीजीजी) के अधिकार क्षेत्र में मुरहीपार में 02 टाइप-II क्वार्टर, बकाल में 02 टाइप-II क्वार्टर, राजनांदगांव में 03 टाइप-III क्वार्टर एवं 02 टाइप-IV क्वार्टर का निर्माण (विद्युत कार्य सम्मिलित)। (2) एडीईएन/ गोंदिया के अधिकार क्षेत्र में कचेवानी में 02 टाइप-II क्वार्टर, आमगांव में 02 टाइप-II क्वार्टर, कचेवानी में 02 टाइप-III क्वार्टर एवं आमगांव में 01 टाइप-III क्वार्टर का निर्माण (विद्युत कार्य सम्मिलित)। (3) एडीईएन/गोंदिया के अधिकार क्षेत्र में दरेकसा में 02 नए टाइप-II स्टाफ क्वार्टरों का निर्माण (विद्युत कार्य सम्मिलित)। (4) गोंदिया में 10 बेड वाले महिला आरपीएफ बैरक का निर्माण (विद्युत कार्य सम्मिलित)। (5) एडीईएन/डोंगरगढ़ (डीजीजी) के अधिकार क्षेत्र में एस एंड टी तथा अन्य सेवा भवनों में क्षतिग्रस्त फ़्लोरिंग, दरवाज़ा, खिड़की, प्लास्टर एवं छत की मरम्मत। (6) एडीईएन/डोंगरगढ़ (डीजीजी) के अधिकार क्षेत्र में रसमारा रेलवे कॉलोनी में अतिक्रमण रोकने हेतु सीमा दीवार का प्रावधान।
**अनुमानित निविदा मूल्य :** रु. 6,85,90,544/- **बिड सुरक्षा :** रु. 4,93,000/-


उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियाँ केवल **19.03.2026 को 15.00 बजे तक** प्रस्तुत कर सकेंगे। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विवरण हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

विभागीय अभियंता (दक्षिण)
द.पू.म. रेलवे, नागपुर
AAA/75/321

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


---

## शब्द पहेली - 6144



**बाएँ से दाए-**
1.सफल,उत्तीर्ण-4
5.ओस,रजनीजल-4
7.फरार होना,चंपत होना, पलायन करना-5
9.महीना,मास-2
10.साल का बारहवां भाग-2
13.पुचकारना-4
15.विष्णु,चक्रधारी-4
17.निरुत्तर होना-5
18.अपनत्व-5
20.असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23.निकृष्ट,अल्पतर-4
26.अंधकार-2
27.बुरा आदत-2
29.रसायन संबंधी-5
31.ब्राम्हण,सम्राट-4
32.गजानन,गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2.मां,आई,मदर-2
3.बारिश का गिरना-4
4.निर्माता,रचयिता-5
5.लज्जाना -4
6.मुलायम-2
8.उम्मीद-2
9.हार,जयमाल-2
11.हरे रंग का-2
12.वचन,प्रतिज्ञा-2
14.हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16.जनेऊ,उपनयन संस्कार-5
19.विलेन,नायक का विलोम-5
20.बादल-2
21.बुरी आदत-2
22.यम,मृत्यु का देवता-4
23.पानी के बहने की आवाज-2,2
24.वोट,अभिमत-2
28.इस जगह-2
30.कारावास,बंधन-2

**शब्द पहेली -6143 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ह | | म | | प | र | दा | न | शी |
| पू | | क | ल | श | | छ | बी | ल | | त |
| त | ल | | | व | | ता | | | सा | ल |
| | ल | | धा | रा | प्र | वा | ह | | व | |
| म | क | ब | रा | | था | | म | हा | न | ता |
| | | | वा | दा | | मा | स | | | |
| ह | म | रा | ही | | पा | | फ | र | मा | न |
| | यू | | क | हा | नी | का | र | | य | |
| ख | र | | | थी | | र | | | का | न |
| प | | ब | र | खा | | ना | र | द | | य |
| त | र | स | खा | ना | | मा | | म | न | न |

---

## सूडोकु नवताल- 6154

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6153 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## खबर संक्षेप




### कर्नाटक व जम्मू-कश्मीर के बीच होगा फाइनल

**लखनऊ।** कर्नाटक ने बृहस्पतिवार को उत्तराखंड के खिलाफ ड्रॉ हुए सेमीफाइनल मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर 11 साल के अंतराल के बाद रणजी ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई। कर्नाटक 24 फरवरी से हुबली में होने वाले फाइनल में जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगा। अब कर्नाटक की निगाहें अपने नौवें रणजी ट्रॉफी खिताब पर लगी होंगी। उसने आखिरी रणजी खिताब 2014-15 सत्र में आर विनय कुमार की कप्तानी में जीता था। दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर की नजरें अपने पहले रणजी खिताब पर होगी जो छह दशकों में पहली बार फाइनल में पहुंचा है।

### सितंबर में आयोजित की जाएगी लद्दाख मैराथन

**नई दिल्ली।** विश्व में सबसे ऊंचाई वाले स्थान पर होने वाली प्रतिष्ठित लद्दाख मैराथन इस साल 10 से 13 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। एआईएमएस से प्रमाणित लद्दाख मैराथन को दुनिया की सबसे



चुनौती पूर्ण मैराथन माना जाता है जिसमें सिल्क रूट अल्ट्रा (122 किमी) और खारदुंग ला चैलेंजर अल्ट्रा रेस (72 किमी) आकर्षण का केंद्र होंगे। खारदुंग ला में 17,618 फीट की ऊंचाई पर होने वाली इन दोनों दौड़ में मैराथन और अल्ट्रा मैराथन का अनुभव रखने वाले धावक ही भाग ले सकते हैं। इस मैराथन के लिए पंजीकरण गुरुवार से शुरू हो गए हैं। इसमें भाग लेने के लिए आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। दो अल्ट्रा मैराथन के अलावा इसमें मैराथन (42 किमी), हाफ मैराथन (21 किमी), 11.2 किमी की दौड़ और पांच किमी की दौड़ भी शामिल हैं।

### पाकिस्तान हॉकी टीम के कप्तान पर लगा प्रतिबंध

**कराची।** पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन के प्रेसिडेंट तारिक बुगती ने होटल पेमेंट में हुई गड़बड़ी के बाद इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान के कप्तान शकील अम्माद बट पर भी 2 साल का प्रतिबंध लगाया है। बता दें कि हाल ही में पाकिस्तान की नेशनल टीम ने ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था, जहां उनके रहने तक की सही व्यवस्था नहीं थी और पाकिस्तानी कप्तान ने सोशल मीडिया के जरिए बदइंतजामी की पोल खोली थी। बुगती ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को अपना इस्तीफा सौंप दिया। बुगती ने गुरुवार, को इस बात की पुष्टि की। उन्होंने प्रधानमंत्री और फील्ड मार्शल असीम मुनीर दोनों से ऑस्ट्रेलिया में हुई घटना की पूरी जांच करने का आग्रह किया।

### यूसुफ ने बताया, बाबर आजम के कारण क्यों छोड़ना पड़ा था चयनकर्ता का पद

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज मोहम्मद यूसुफ ने टी-20 विश्व कप में खराब फॉर्म से जूझ रहे बाबर आजम को लेकर खुलकर अपनी



नाराजगी जाहिर की है। यूसुफ ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया है कि टीम का चयनकर्ता रहते हुए उन्होंने बाबर को टीम से बाहर करने का सुझाव दिया था, लेकिन टीम प्रबंधन ने इसका कड़ा विरोध किया था। इसी मतभेद के चलते यूसुफ ने चयनकर्ता के पद से इस्तीफा दे दिया था। यूसुफ ने एक पॉडकास्ट में कहा, मैं पिछले 2-3 साल से कह रहा था कि बाबर की तकनीक खराब हो गई है। मैं सुन रहा था कि वह फॉर्म में नहीं है, लेकिन वह ऑउट-ऑफ-फॉर्म भी नहीं है।

# टी-20 विश्व कप 2026: सुपर-8 में भारतीय टीम की द. अफ्रीका, जिम्बाब्वे व वेस्ट इंडीज से होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

टी-20 विश्व कप 2026 में भारतीय क्रिकेट टीम सुपर-8 में पहुंच चुकी है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने अपने शुरुआती 3 मैच जीतते ही सुपर-8 का टिकट हासिल किया था। नियमों के मुताबिक, चारों ग्रुप में से हर एक से शीर्ष-2 टीमें अगले दौर में पहुंचती हैं। गत विजेता भारतीय टीम को सुपर-8 के ग्रुप-1 में रखा गया है। आइए इस ग्रुप से जुड़ी सभी जानकारी पर एक नजर डालते हैं।

### सुपर-8 में ग्रुप-1 में शामिल है भारतीय टीम

सुपर 8 प्री-सीडिंग में, भारत को वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका की टीमों के साथ ग्रुप-1 में रखा गया है। दूसरी तरफ इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और श्रीलंका की टीमें ग्रुप-2 में मौजूद है। इस ग्रुप की बची हुई टीम पाकिस्तान या यूएसए में से एक होगी। बता दें कि ग्रुप-1 की टीमें अपने सभी मैच भारत में खेलेंगी, जबकी ग्रुप-2 की टीमों के मुकाबले श्रीलंका में खेले जाएंगे।



### अहमदाबाद, चेन्नई और कोलकाता में सुपर 8 में भिड़ंत

भारत 22 फरवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अपने पहले सुपर-8 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। प्रोटियाज टीम ने भी अपने ग्रुप के चारों मैचों में जीत दर्ज की है। इसके 4 दिन बाद 26 फरवरी को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में सूर्यकुमार के नेतृत्व वाली टीम जिम्बाब्वे से भिड़ेगी। भारत का आखिरी मुकाबला वेस्टइंडीज से होगा। कोलकाता के ईडन गार्डन स्टेडियम में 1 मार्च को ये मैच खेला जाएगा।

### टी-20 विश्व कप 2026 में भारतीय टीम का प्रदर्शन

भारत ने अपने पहले मैच में यूएसए क्रिकेट टीम को 29 रन से हराते हुए अपने अभियान की शुरुआत की थी। अपने दूसरे मुकाबले में भारत ने नामीबिया को 93 रन से करारी शिकस्त दी। इसके बाद सूर्यकुमार की कप्तानी वाली टीम ने पाकिस्तान को 61 रन से हराया।भारत ने अपने आखिरी ग्रुप मैच में नीदरलैंड को भी हरा दिया।

### अपने तीसरे खिताब की तलाश में है भारतीय टीम

महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम ने 2007 में टी-20 विश्व कप पर कब्जा जमाया था। इसके बाद रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम 2024 में दूसरी बार विजेता बनी थी। भारतीय टीम इस बार अपना तीसरा खिताब जीतने की पुरजोर कोशिश कर रही है। इसके अलावा भारतीय टीम 2014 के संस्करण में उपविजेता रही थी। भारत के अलावा इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ने 2-2 बार इस प्रतिष्ठित खिताब को अपने नाम किया है। इनके अलावा पाकिस्तान, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया 1-1 बार विजेता बनी है।

## टी-20 विश्व कप 2026 : इटली की टीम 123 रन पर सिमटी

# वेस्टइंडीज ने इटली को 42 रन से हराया जोसेफ ने लिए 4 विकेट, लपके 4 कैच

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने टी-20 विश्व कप 2026 के 37वें मुकाबले में इटली को 42 रन से हरा दिया। इस विश्व कप में वेस्टइंडीज की लगातार चौथी जीत है। वहीं, इटली का इस विश्व कप में सफर खत्म हो गया। उसने 4 मुकाबले खेले और उसे 1 मैच में नेपाल के खिलाफ जीत मिली। मैच में वेस्टइंडीज ने 165/6 का स्कोर बनाया।

जवाब में इटली 123 रन ही बना पाई। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज अनुकूल दिख रही पिच पर इटली के स्पिनरों के सामने खुलकर नहीं खेल पाए लेकिन उसने होप (46 गेंद पर 75 रन) के अर्धशतक की बदौलत छह विकेट पर 165 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में इटली की टीम 18 ओवर में 123 रन पर आउट हो गई। उसका कोई भी बल्लेबाज 30 रन की संख्या तक नहीं पहुंच पाया।

### मैच का लेखा-जोखा

मैच में इटली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज के लिए कप्तान शाई होप ने सबसे ज्यादा 75 रन बनाए। उनके अलााव शेरफन रदरफोर्ड और रोस्टन चेज के बल्ले से 24-24 रन निकले। क्रिशन कालुगामगे ने इटली के लिए सिर्फ 25 रन देकर 2 विकेट लिए। जवाब में इटली के लिए कोई बल्लेबाज मैच जिताऊ पारी नहीं खेल पाया। वेस्टइंडीज के लिए शमार जोसेफ ने घातक गेंदबाजी करते हुए सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए।



### ऐसी रही होप की पारी

होप ने 46 गेंदों का सामना किया और 76 रन बनाए। उनके बल्ले से 6 चौके और 4 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 163.04 की रही। ये उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 11वां अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने सिर्फ 28 गेंदों में पूरा किया। होप ने लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक लगाया। इससे पहले उन्होंने नेपाल के खिलाफ 61* रन की पारी खेली थी। इस खिलाड़ी ने टी-20 विश्व कप में 152.32 की स्ट्राइक रेट से 262 रन बनाए हैं।

### होल्डर के 300 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले

जेसन होल्डर अपना 300वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलने उतरे। उन्होंने अब तक 69 टेस्ट, 138 वनडे और 93 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। होल्डर ने टेस्ट में 30.39 की औसत से 162 विकेट लिए हैं, जबकि वनडे में उनके नाम 36.96 की औसत से 159 विकेट दर्ज हैं। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में वह 106 विकेट चटका चुके हैं। होल्डर ने बल्ले से भी योगदान दिया है और टेस्ट में 3,073, वनडे में 2,237 तथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 789 रन बनाए हैं।

### अकील हुसैन ने पूरे किए 250 टी-20 विकेट



अकील हुसैन अपना 271वां टी-20 मुकाबला खेलते हुए एक बड़ा मुकाम हासिल किया। उन्होंने टी-20 क्रिकेट में अपने 250 विकेट पूरे कर लिए। अपने करियर में अकील अब तक 5 बार 4 विकेट हॉल और 2 बार 5 विकेट हॉल ले चुके हैं। मैच में उन्होंने 3 ओवर की कसी हुई गेंदबाजी की और 25 रन देकर एक विकेट हासिल किया। उनकी इकॉनमी 8.30 की रही। टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अकील के नाम 94 मैचों में 89 विकेट दर्ज हैं।

### जोसेफ ने लिए 4 विकेट, 4 कैच

जोसेफ ने 4 ओवर में 30 रन खर्च किए और 4 विकेट लिए। उन्होंने 7.50 की इकॉनमी से गेंदबाजी की। इस खिलाड़ी ने 4 कैच भी लपके। जोसेफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में पहले खिलाड़ी बने हैं, जिन्होंने एक ही मैच में 4 विकेट हॉल के साथ 4 कैच भी लपके हैं। ये उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला ही 4 विकेट हॉल रहा। उन्होंने अब तक 19 मुकाबले खेले हैं और 24 विकेट लेने में सफल रहे हैं।

## टी20 वर्ल्ड कप

# जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को घर में घुसकर रौंदा, जीत की हैट्रिक



एजेंसी ▶▶| कोलंबो

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में जिम्बाब्वे की टीम कमाल कर रही है। अब उसने श्रीलंका को उसी के घरेलू मैदान पर 6 विकेट से हरा दिया है। कोलंबो में खेले गए मैच में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 178 रनों का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में जिम्बाब्वे ने 3 गेंद शेष रहते लक्ष्य को हासिल कर लिया। इससे पहले जिम्बाब्वे की टीम इसी वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया को हरा चुकी है। बताते चलें कि यह अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट इतिहास में जिम्बाब्वे का दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज है. वहीं जिम्बाब्वे की टीम ग्रुप बी में टॉप पर रही। इस मैच में टॉस जीतकर श्रीलंका पहले बैटिंग करने आई थी, उसने पथुम निसांका के अर्धशतक की बदौलत स्कोरबोर्ड पर ठीक ठाक रन 179 रन भी बनाए थे। मगर सिकंदर रजा और उनकी सेना एक और बड़ा उलटफेर करने के मूड़ में मैदान में उतरी थी और उसने अपने जीत के अभियान को जारी रखा।

### खूब गरजा सिकंदर रजा का बल्ला

एक छोर ब्रायन बैनेट ने संभाला हुआ था, जो मैच में 63 रन बनाकर नाबाद लौटे। वहीं पारी के 12वें ओवर में कप्तान सिकंदर रजा बैटिंग करने आए। उन्होंने अपनी पारी की पहली 9 गेंदों में सिर्फ 6 रन बनाए थे, जिसके बाद उन्होंने चौके और छक्कों की बारिश करनी शुरू कर दी। अगली 16 गेंदों में सिकंदर ने 39 रन जड़ डाले। आखिरी 10 ओवर में जिम्बाब्वे को जीत के लिए 101 रन बनाने थे. वो सिकंदर रजा की 45 रनों की तूफानी पारी का ही नतीजा रहा कि जिम्बाब्वे 179 के विशालकाय लक्ष्य को हासिल कर पाई।

## क्रिकेट

# बिग बैश लीग का पहला मैच भारत में कराना चाहती है क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया




एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारत में क्रिकेट की लोकप्रियता जगजाहिर है। घरेलू मैच से लेकर के अंतरराष्ट्रीय मैच तक हर मुकाबले को देखने के लिए मैदान पर दर्शक मौजूद होते हैं। क्रिकेट की दीवानगी के चलते ही इंडियन प्रीमियर लीग विश्व की सबसे बड़ी क्रिकेट फ्रेंचाइजी लीग है।इस बीच खबर है कि बिग बैश लीग के अगले संस्करण के पहले मैच को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया भारत में आयोजित करवाना चाहता है।

### चेन्नई में मैच आयोजित कराने पर विचार

सेन क्रिकेट की रिपोर्ट के अनुसार, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया अगले बीबीएल संस्करण के पहले मैच को चेन्नई में आयोजित कराना चाहता है।रिपोर्ट में कहा गया है कि यह भारतीय और दक्षिण एशियाई दर्शकों को जोड़ने की सीए की बड़ी योजना का हिस्सा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की फिलहाल ऐसी योजना है कि तमिलनाडु की राजधानी में सालाना गेम आयोजित किया जाए। हालांकि, इस पर भी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की मंजूरी की जरूरत होगी।

### भारत में सीए के 2 अधिकारी थे मौजूद

रिपोर्ट के मुताबिक, सीए के 2 सीनियर स्टाफ मेंबर फिल रिग्बी और मार्गोट हार्ले मैच के आयोजन की संभावना तलाशने के लिए भारत में थे। भारत में बीबीएल गेम कराने की यह कोशिश तब हो रही है जब उनकी 8 बिग बैश फ्रेंचाइजी में से कम से कम 2 की बिक्री को लेकर बातचीत चल रही है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि सीए की यह योजना कितनी सफल हो पाती है।

### अभिषेक 'एक्रॉस द लाइन' शॉट खेलने से बचें : गावस्कर

**अहमदाबाद।** दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि अभिषेक शर्मा मौजूदा टी20 विश्व कप में उम्मीदों के दबाव से जूझ रहे हैं और वह चाहते हैं कि यह आक्रामक सलामी बल्लेबाज अपनी पारी की शुरुआत में 'एक्रॉस द लाइन' शॉट खेलने से बचे। अभिषेक ने टूर्नामेंट में अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उनमें वह खाता खोलने में नाकाम रहे हैं। अमेरिका, पाकिस्तान और नीदरलैंड के खिलाफ वह शुरू में ही आउट हो गए थे। गावस्कर ने स्टार स्पोर्टस से कहा,''अभिषेक शर्मा बहुत ही अच्छे इंसान हैं, लेकिन उन पर उम्मीदों का बोझ साफ दिख रहा है। अगर उन्होंने अमेरिका के खिलाफ अच्छी शुरुआत की होती तो बात कुछ और होती। अब बड़े छक्के लगाने वाला शीर्ष बल्लेबाज होने का दबाव उन पर साफ दिख रहा है।

### ओमान और खराब फार्म से जूझ रही आस्ट्रेलिया के बीच भिड़ंत आज

**कैंडी।** टी-20 विश्व कप 2026 के 40वें मुकाबले में शुक्रवार (20 फरवरी) को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का सामना ओमान से होगा। यह सुपर-8 चरण शुरू होने से पहले ग्रुप स्टेज का आखिरी मुकाबला होगा, हालांकि दोनों टीमें पहले ही सुपर-8 की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं। ऑस्ट्रेलिया और ओमान के बीच अब तक सिर्फ एक टी-20 मुकाबला खेला गया है, जिसमें कंगारू टीम ने जीत दर्ज की थी। ओमान और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह मुकाबला कैंडी के पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम में रात 7 बजे से खेला जाएगा। इस पूरे टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी कुछ खास नहीं रही। ऐसे में आखिरी मुकाबले में वह अपना खोया हुआ फॉर्म प्राप्त करना चाहेंगे। ग्लेन मैक्सवेल जो एक भी मैच जिताऊ पारी नहीं खेल पाए, वह भी बेहतर प्रदर्शन करने को देखेंगे।

**ऑस्ट्रेलिया:** मिचेल मार्श (कप्तान), ट्रेविस हेड, कैमरून ग्रीन, टिम डेविड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, कूपर कॉनॉली, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस और एडम जैम्पा।

**ओमान:** जतिंदर सिंह (कप्तान), आमिर कलीम, हम्माद मिर्जा, वसीम अली, करण सोनावाले, जितेन रामानंदी, विनायक शुक्ला (विकेटकीपर), सुफयान महमूद, नदीम खान, शाह फैसल और शकील अहमद।

## तीन मैचों की महिला टी-20 क्रिकेट में 1-1 की बराबरी

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 19 रन से हराकर सीरीज की बराबर

एजेंसी ▶▶| मनुका ओवल

भारतीय महिला क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 19 रन से हार का सामना करना पड़ा। मनुका ओवल में खेले गए मैच में कंगारू टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 163/5 का स्कोर बनाया, जिसमें जॉर्जिया वोल की 88 रन की पारी शामिल रही। जवाब में भारतीय टीम लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रही। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने 3 मैचों की सीरीज में फिलहाल 1-1 से बराबरी हासिल की।



### इस तरह से रोचक रहा मुकाबला

ऑस्ट्रेलिया से जॉर्जिया और बेथ मूनी (46) ने पहले विकेट के लिए 128 रन की साझेदारी की। अच्छी शुरुआत के बाद सलामी बल्लेबाजों के अलावा अन्य ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी क्रीज पर नहीं टिक सकी और मेजबान टीम ने सम्मानजनक स्कोर बनाया। जवाब में भारत से शफाली वर्मा (29) और स्मृति मंधाना (31) ने सधी हुई शुरुआत की। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर (36) और विकेटकीपर ऋचा घोष (19) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सकी।

## पांड्या ने टी-20 के 323 मैच खेले, 279 पारियों में ठोके 6008 रन

# हार्दिक पहले भारतीय जिसने लिए 6,000 से ज्यादा रन और 200 से अधिक विकेट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने टी-20 विश्व कप 2026 में नीदरलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ मैच के दौरान अहम उपलब्धि हासिल की। दरअसल, उन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ मैच में 30 रन बनाए और अपने टी-20 क्रिकेट करियर में 6,000 रन पूरे किए। वह टी-20 क्रिकेट में 6,000 से ज्यादा रन बनाने के साथ-साथ 200 से अधिक विकेट लेने वाले पहले भारतीय ऑलराउंडर बने।

### पांड्या के टी-20 क्रिकेट के आंकड़े

पांड्या ने अब तक 323 टी-20 मैच खेले हैं, जिसकी 279 पारियों में उन्होंने 6,008 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 91 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 25 अर्धशतक लगाए। दूसरी तरफ गेंदबाजी में उन्होंने 262 पारियों में 220 से अधिक विकेट लिए हैं। इस बीच उन्होंने 1 पारी में 5 विकेट हॉल भी लिया। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 36 रन देते हुए 5 विकेट लेना रहा।



### बेमिसाल है टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर

पांड्या टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 2,000+ रन और 100+ विकेट ले चुके हैं। अब तक इस खिलाड़ी ने 133 मुकाबले खेले हैं। इसकी 104 पारियों में लगभग 30 की औसत के साथ 2,100 से अधिक रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 8 अर्धशतक निकले हैं। गेंदबाजी में पांड्या ने 120 पारियों में लगभग 26 की औसत से 110 विकेट लिए हैं। उन्होंने 3 बार 4 विकेट हॉल अपने नाम किया है। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 4/16 का रहा है।

**पश्चिम मध्य रेल**
**खुली निविदा**
**संकेत एवं दूरसंचार विभाग**
मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई निविदा आमंत्रित कहते है। **निविदा सूचना क्रमांक :** जबल–एन–टेली–टेण्डर–2026–4, **कार्य का नाम लोकेशन के साथ :** जबलपुर डिवीजन के बीएचटीएन और एसबीडी स्टेशनों के यार्ड में मुख्य लाइन की ओर मुख वाले बिंदुओं की कवरेज के लिए सीसीटीवी की व्यवस्था करना। **निविदा का अनुमानित मूल्य (रु में) :** रु 2247221.70, **निविदा फार्म की कीमत (रुपये) :** रु00/-, **कार्यालय का पता :** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर, **बयाना राशि रुपये :** रु.45000.00, **समापन अवधि (माह) :** 06 माह, **निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 16.03.2026 को 15.00 बजे तक बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे बेबसाइट "https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त बेबसाइट ते ऑनलाईन ही आवेदन की जा सकती है।
(हस्ता.)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर




# हाई कोर्ट ने डीजी व एसएसपी पुलिस टेलिकम्युनिकेशन से मांगा जवाब

**डायल 112 के ठेका विवाद से जुड़ा मामला : विवाद के सौहार्दपूर्ण समाधान पर एकराय नहीं हुए दोनों पक्ष**



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने डायल 112 के ठेका विवाद से जुड़े मामले में डीजी व एसएसपी पुलिस टेलिकम्युनिकेशन से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इसके लिए 21 फरवरी तक का समय दिया है।जवाब की अग्रिम प्रति याचिकाकर्ता के अधिवक्ता को प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसका अध्ययन कर वे अगली सुनवाई तिथि से पहले यदि कोई प्रतिउत्तर देना हो तो प्रस्तुत कर सकते हैं।गुरुवार को सुनवाई के दौरान पूर्व निर्देश के पालन में नीतू ठाकुर, पुलिस अधीक्षक, डायल 112 कोर्ट में उपस्थित थीं। याचिकाकर्ता ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने आग्रह किया कि याचिकाकर्ता धारा 46.1 के अनुसार विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान चाहता है। वहीं दूसरी ओर डीजी व एसएसपी पुलिस टेलिकम्युनिकेशन की ओर से उपस्थित वकील ने स्पष्ट किया कि प्रदान की जा रही सेवाओं की प्रकृति को देखते हुए विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान संभव नहीं है।

### 972 करोड़ का प्रोजेक्ट, कोर्ट ने पूछा था कि मर्सिडीज चल रही :

विगत सुनवाई में डायल 112 फेज-टू प्रोजेक्ट अंतर्गत 1200 वाहनों पर कुल 972 करोड़ रुपए खर्च होने की बात सामने आई तो हाई कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए पूछ लिया था कि क्या आप डायल 112 में मर्सिडीज कार चला रहे हैं। कोर्ट ने छह करोड़ 29 लाख रुपये के सीएडी (कंप्यूटर आधारित प्रेषण) साफ्टवेयर के लिए जारी नए टेंडर पर अंतरिम रोक लगा दी थी। राज्य को जवाब पेश करने और पुलिस विभाग को मौजूदा साफ्टवेयर की कार्यक्षमता पर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने कहा था। सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से कहा गया था कि 972 करोड़ रुपये की कुल राशि में वाहन, उपकरण, डाटा सेंटर, तकनीकी ढांचा और अन्य परिचालन व्यवस्थाएं शामिल हैं। मौजूदा साफ्टवेयर में तकनीकी खामियां सामने आई हैं, जिन्हें दूर करने के लिए नया टेंडर जरूरी था। इसलिए याचिककार्ता कंपनी का विरोध बेमानी है। इस पर याचिककार्ता का कहना था कि पुलिस टेलीकम्युनिकेशन मुख्यालय द्वारा 31 दिसंबर, 2025 को आटोमैटिक कंप्यूटर एडेड डिस्पैच सिस्टम की सप्लाई, इंस्टालेशन, इंटीग्रेशन और मेंटेनेंस के लिए नया टेंडर जारी किया गया। जबकि यही काम पहले से ही याचिकाकर्ता कंपनी को अनुबंध के तहत सौंपा जा चुका है। 12 मार्च, 2025 को जारी मूल टेंडर के तहत वह मप्र डायल 112 द्वितीय फेज का इम्प्लीमेंटेशन, मेंटेनेंस और आपरेशन सफलतापूर्वक कर रही है। ऐसे में उसी कार्य के लिए दोबारा टेंडर निकालना न केवल अनुचित है बल्कि अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन है।

## संविदा कर्मियों को नियमित वेतनमान पर विचार करें : हाई कोर्ट

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों के संविदा कर्मियों को नियमित वेतनमान की मांग पर विचार करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने इसके लिए 60 दिन की मोहलत दी है।याचिकाकर्ता भोपाल निवासी विष्णु मांझी सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता शक्ति कुमार सोनी ने दलील दी कि याचिकाकर्ता एक दशक से अधिक अवधि से संविदा कर्मी बतौर सेवाएं देते आ रहे हैं। 2022 के एक आदेश के अनुसार संविदा कर्मियों को नियमित वेतनमान का प्रविधान किया गया था। जिसकी रोशनी में पूर्व में कुछ संविदा कर्मी लाभांवित किए जा चुके हैं। लिहाजा, सवाल उठता है कि याचिकाकर्ताओं को वंचित क्यों किया गया। हाई कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर राहतकारी निर्देश सहित याचिका का पटाक्षेप कर दिया।

# सड़क दुर्घटना में 2 की मौत, 4 घायल

जबलपुर।

जिला मुख्यालय से लगभग 30 किमी। दूर शहपुरा थानांतर्गत शहपुरा- बेलखेडा मार्ग पर गुरुवार को तडके से पूर्व लगभग 3 बजे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर में बाइक सवार मौके पर ही दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। वाहन की चपेट में आने से युवकों के शव बुरी तरह से क्षत विक्षत हो गए थे।

**शहपुरा - बेलखेडा मार्ग पर रात 3 बजे घटी दुर्घटना**

शहपुरा थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पाटन थाना क्षेत्र के अंतर्गत उड़ना ग्राम के रहने वाले 18 वर्षीय दीपांशु लोधी, 19 वर्षीय लल्लन गौड़,अमित,आयुष, उपेंद्र एवं विश्वजीत अलग-अलग मोटर साइकिलों पर सवार होकर बेलखेड़ा से पाटन की ओर जा रहे थे। बताया जाता है कि ये सभी जैसे ही सुरई ग्राम के पास पहुंचे कि इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात भारी वाहन के चालक ने वाहन को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए मोटर साइकिलों में जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर से सभी नवयुवक वाहन की चपेट में आ गए। दुर्घटना में दीपांशु लोधी एवं लल्लन गौड़ के सिर एवं शरीर के अन्य अंगों में गंभीर रूप से चोटें आने के कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई जबकि अमित,आयुष, उपेंद्र एवं विश्वजीत बुरी तरह घायल हो गए।

मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी जिस पर पुलिस दल ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए जबलपुर मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया तथा मृतकों के शव पीएम के लिए रवाना कर दिए। मेडीकल में भती घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद फरार अज्ञात वाहन चालक की तलाश के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि वाहन की पहचान कर जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार किया जाएगा।

# अतिथि प्रोफेसर को छात्रा ने थप्पड़ जड़ा

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में राजनीति शास्त्र विभाग में पदस्थ एक अतिथि प्रोफेसर और बीए सेकेंण्ड ईयर की छात्रा के बीच विवाद में नया मोड़ आ गया। बताया गया है कि सुबह करीब 10 बजे रानी दुर्गश्वविद्यालय के राजशेखर भवन के सामने एक छात्रा ने अतिथी प्रोफेसर को थप्पड़ जड़ दिया। इस मामले में अभी रादुविवि प्रबंधन मौन है, इस मामले में बाद में छात्रा ने लिखित तौर पर पत्र सौंपते हुये विभाग प्रमुख से कहा की उसने भ्रम की स्थिति में अतिथी प्रोफेसर पर तमाचा जड़ दिया। इस पूरे विवाद में रादुविवि की शाख पर आंच आई है। सूत्रों का कहना है कि घटना विश्वविद्यालय के राजशेखर भवन के सामने सुबह करीब 10 बजे घटित हुई।

**रादुविवि का मामला, दिन भर रही चर्चा सरगर्म**

बताया जा रहा है कि बीए की एक छात्रा और विजिटिंग फैकल्टी प्रोफेसर बीच किसी बात को लेकर बहस शुरू हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, विवाद की जड़ पैसे का लेन-देन था। देखते ही देखते बहस इतनी बढ़ गई कि छात्रा ने आपा खो दिया और फैकल्टी सदस्य की बीच सड़क पर ही पिटाई शुरू कर दी। करीब एक घंटे तक चले इस हंगामे के दौरान आसपास से गुजर रहे अन्य छात्र और शिक्षक मूकदर्शक बने रहे।

# संस्कृत के पर्चे में गैरहाजिर रहे 417 परीक्षार्थी

## नकल का कोई प्रकरण नहीं बना

जबलपुर।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षाओं के दौरान गुरुवार को आयोजित कक्षा दसवीं के संस्कृत का पर्च 100 केन्द्रों में आयोजित किया गया। इस दौरान 417 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण नहीं बना। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया, जिले के कुल 100 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं आयोजित की गईं। कक्षा दसवीं के संस्कृत विषय में शहरी क्षेत्र के 47 केन्द्रों पर पंजीकृत 11,723 परीक्षार्थियों में से 11,434 उपस्थित रहे, जबकि 289 अनुपस्थित रहे। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के 53 परीक्षा केन्द्रों पर दर्ज 8,955 परीक्षार्थियों में से 8,827 उपस्थित तथा 128 अनुपस्थित रहे।



इस प्रकार जिले में कुल 20,678 परीक्षार्थियों में से 20,261 उपस्थित तथा 417 अनुपस्थित रहे।कक्षा बारहवीं के मनोविज्ञान विषय की परीक्षा एक परीक्षा केन्द्र पर आयोजित हुई, जिसमें पंजीकृत सभी 8 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और कोई भी अनुपस्थित नहीं रहा।जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, व्योहारबाग एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कमला नेहरू नगर का निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त जिले के समस्त विकासखण्डों में एसडीएम एवं बीईओ स्तर के उड़नदस्ता दलों द्वारा सतत निरीक्षण किया गया।

## बैन चालक का मोबाइल हेक कर पौने दो लाख निकाले

**जबलपुर।** विजयनगर थानांतर्गत एक निजी स्कूल के वैन चालक को अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर स्टेट बैंक का के्रेडिट कार्ड बंद कराने को लेकर क्रेडिट कार्ड की जानकारी लेकर चालक के मोबाइल फोन को हेक कर उसके दो बैंक खातों से एक लाख 70 हजार रुपये निकाल लिए। विजयनगर पुलिस ने बताया कि कचनार सिटी विजयनगर निवासी मंगेश नारायण धाकोड़कर जॉय स्कूल में बैन चलाता है। कल दोपहर 2.30 बजे के बीच उसके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने कहा कि आपका स्टेट बैंक के क्रेडिट कार्ड का हर माह 2700 रुपये बीजा का कटेगा। आप क्रेडिट कार्ड चालू रखना चाहते है या बंद रखना चाहते हैं। उस व्यक्ति ने मंगेश से क्रेडिट कार्ड के संबंध में जानकारी मांगी। कुछ देर बाद मंगेश के मोबाइल की स्क्रीन काली हो गई उसमें कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। आधे घंटे बाद जब मोबाइल सामान्य हुआ तो पता चला कि उसके एसबी आई खाते तथा बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से एक लाख 70 हजार रुपये निकाल लिये गये हैं।

# फर्जी डीएसपी और आरक्षक बनकर कर रहे थे ठगी

## सागर पुलिस ने जबलपुर के तीन बदमाशों को दबोचा

**जबलपुर।** शातिर ठग सागर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये। यह ठग होमगार्ड में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की मांग कर रहे थे। पकड़े गये ठगों से सागर पुलिस पूछताछ कर रही है। जबलपुर में भी हुये इस तरह के अपराधों पर पुलिस की नजर है। जबलपुर पुलिस भी इन आरोपियों से पूछताछ करने सागर जा रही है। पूछताछ में जो तथ्य सामने आए हैं, उसके आधार पर जबलपुर पुलिस भी कार्यवाही करेगी। यह बदमाश फर्जी डीएसपी व आरक्षक बनकर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सागर के



शाहगढ़ निवासी एक युवक एक ठगों के चंगुल में फंसा और संदेह होने पर पुलिस को इसकी सूचना दी। आरोपी जब अपने शिकार पर निकले और शाहगढ़ कैफे पहुंचे वहां उन्होंने नौकरी दिलाने के नाम पर युवक को बुलवाया, तभी पुलिस ने वहां पर दबिश दी।

फर्जी डीएसपी व दो पुलिस आरक्षक जब पीड़ित युवक के साथ बैठकर चाय पी रहे थे। तभी पुलिस टीम ने पहुंचकर तीनों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला की जबलपुर निवासी शिवम चतुर्वेदी डीएसपी और राजकुमार ठाकुर और सतीश सिंह ठाकुर फर्जी आरक्षक बनकर वहां बैठे थे। पुलिस ने इन ठगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आरोपियों ने ग्वालियर सागर सहित अन्य जिलों में वारदात करना कबूल किया है।

## चोरों के हौसले बुलंद: आरक्षक के घर से लाखों के जेवर पार

**जबलपुर।** चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो गये हैं कि अब पुलिस वालों के घर भी महफूज नहीं है। बरेला थानांतर्गत सिग्मा कान्हा कालोनी बरेला में रहने वाले एक पुलिस आरक्षक के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर नगदी समेत लाखों का जेवर चोरी कर ले गया। बरेला पुलिस ने बताया कि सिगमा कान्हा कालोनी बरेला निवासी मनोज झारिया ग्वारीघाट थाना में आरक्षक के पद पर नौकरी करता है। गत 8 फरवरी की सुबह लगभग 11 बजे मनोज घर में ताला लगाकर बच्चे व पत्नी के साथ शादी समारोह में शामिल होने मंडला गया था। दूसरे दिन सुबह 10 बजे पड़ौसी विवेक चौबे ने उसे फोन कर बताया कि घर का ताला टूटा है। मनोज ने विवेक से बोला कि दरवाजा खोल कर देखों तब विवेक ने दरवाजा खोलकर बताया कि घर का सामान बिखरा पड़ा है। अलमारी का ताला टूटा है। मनोज ने घर आकर चेक किया तो पता चला कि अलमारी में रखे जेवर व 25 हजार नगदी गायब थे।




# दान पत्र में संपत्ति बेचने की शर्त डालकर फंसे डॉक्टर दंपत्ति

**जबलपुर।** राईट टाउन स्थित डॉ हेमलता श्रीवास्तव की विवादित जमीन के मामले में अब एक नया मोड़ आ गया है। कलेक्टर कार्यालय के प्रतिवेदन पर मदन महल पुलिस ने 11 हजार वर्गफुट जमीन दान पत्र के आधार के पर अपने नाम रजिस्टर कराने वाले डॉ सुमित जैन और डॉ प्राची जैन के खिलाफ छल कपट और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।डॉ हेमलता के निधन के बाद नगर निगम ने फुर्ती दिखाते हुये लीज निरस्त कर जमीन पर अपना कब्जा वापस ले लिया है। इस मामले के तूल पकड़ने के बाद एसडीएम द्वारा जांच की जा रही थी। जांच प्रतिवेदन में कहा गया है कि षड़यंत्र पूर्वक डॉ जैन दम्पत्ति द्वारा डॉ हेमलता श्रीवास्तव को उपचार से वंचित रखा गया। आईसीयू हटाया गया, दबाव प्रलोभन व भय के वातावरण में दस्तखत कराए गये। इस दौरान एसडीएम पंकज मिश्रा के नेतृत्व में गठित दल ने महीला चिकित्सक डॉ हेमलता श्रीवास्तव के कथन भी लिये। जिसमें यह बात सामने आई की राईट टाउन में प्लाट नम्बर 471 में 25045 वर्गफुट वर्तमान डायवर्सन रिकार्ड अनुसार श्रीमती हेमलता पति स्व महेश श्रीवास्तव निवासी जबलपुर के नाम लीज पट्टा में दर्ज है। यह संपत्ति 2 जनवरी 26 को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र निष्पादित किये गये। जिसमें से 5 हजार 512।5 वर्गफूट दानपत्र के आधार पर डॉक्टर श्री सुमित जैन पिता राजकुमार जैन के पक्ष में तथा 5512।5 वर्ग फुट जमीन डॉ प्राची जैन पति सुमित जैन के पक्ष में रजिस्टर्ड किया गया। इसी तरह वसीयत नामे के आधार पर 14020 वर्गफुट जमीन गायत्री परिवार ट्रस्ट मनमोहन नगर के पक्ष में निष्पादित की गई।

## डॉ हेमलता श्रीवास्तव दानपत्र विवाद में एफआईआर दर्ज

### डॉ हेमलता श्रीवास्तव के बयान

जांच दल ने मामले की छानबीन के दौरान मेडिकल कालेज के आईसीयू में जाकर डा हेमलता श्रीवास्तव के बयान दर्ज किये। जिसमें उन्होंने कहा था कि उनके ससुर भैया लाल श्रीवास्तव और पुत्र डॉ रचित श्रीवास्तव मेमोरियल अस्पताल बनाने के लिये जमीन का कुछ हिस्सा डॉ सुमित और प्राची जैन को दान किया। लेकिन शर्त रखी की उक्त जमीन का उद्देश्य या नाम बदला तो भूमि आर्मी वेलफेयर या सरकार को वापस चली जाएगी। जब उन्हें पूरा दानपत्र पढ़कर सुनाया गया तो शर्तों का उल्लंघन सामने आया और स्वर्गीय हेमलता श्रीवास्तव ने अपने मृत्यू पूर्व कथन में कहा कि रजिस्टर्ड दानपत्र में जमीन बेचे जाने का उल्लेख है तो यह उनके साथ फ्राड हुआ है और दान प्राप्त कर्ता यदि अपने हिसाब से जमीन का उपयोग करता है तो यह भी फ्रॉड है। इस आधार पर पुलिस ने डॉ जैन दंपत्ति के खिलाफ अगर उपहार ग्रहिता पार्टी 2 की मृत्यु उपहार कर्ता पार्टी न 1 के पूर्व हो जाती है तो यह उपहार पत्र उपहार ग्रहिता के उत्तराधिकारियों को लागू माना जायेगा यह उपहार संपत्ति पर जो हक अधिकार पार्टी न 1 को हासिल होते थे आज से वही सभी पार्टी न 2 को हासिल हुए। को पढ़कर सुनाया गया तो इस पर उनके द्वारा यह बोला गया कि यह फ्राड है। वह बेच नहीं सकता। वहां पर मैयालाल श्रीवास्तव, डा रचित श्रीवास्तव मेमोरियल हस्पिटल बनेगा यदि रजिस्टर्ड दान पत्र में ऐसा लिखा है तो मेरे साथ फ्राड है वह अपने हिसाब से उसे यूज कर सकता है, यदि ऐसा लिखा है तो वह फ्राड है। प्राप्त प्रतिवेदन पर डॉ सुमित जैन एंव प्रार्ची जैन के विरूद्ध धारा 318(4),61(2), 3 (5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### गायंत्री मंदिर वाली वसीयत स्वीकार की

गायत्री मंदिर को वसीयत करने की बात डॉ हेमलता श्रीवास्तव ने स्वीकार की है और यह कहा कि हमने स्वेच्छा से दान की है और भी हम दान करेंगे। उनके बहन या बहनोई के द्वारा किसी और तरह का फ्राड करने के संबंध में जानकारी ली गई, उस पर उनके द्वारा स्वीकार किया गया कि कोई फ्राड नहीं किया गया है। सुमित जैन, प्राची जैन ने उनके साथ जो किया है उस पर आप क्या चाहती हैं? तो उस पर उन्होंने कहां कि कानूनी कार्यवाही की जाए और उन्हे सजा दिलाई जाए।सुमित जैन एवं प्राची जैन का पक्ष भी जांच दल ने सुना जिसमें उन्होंने कहा कि डा हेमलता एवं उनके पति महेश श्रीवास्तव उन्हें पुत्र एवं पुत्रवधु जैसा मानते थे। उनका पुत्र डा रचित श्रीवास्तव उनका परम मित्र था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

### आरती के दौरान विवाद भड़का, आजाद चौक में पथराव से माहौल गरमाया

# दुर्गा मंदिर में मारपीट और ग्रिल तोड़ने के बाद दो पक्षों में पथराव, आजाद चौक में तनाव





जबलपुर।

सिहोरा नगर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित आजाद चौक में गुरुवार की रात्रि करीब साढ़े नौ बजे उस समय तनाव की स्थिति बन गई जब दुर्गा मंदिर में आरती के दौरान एक युवक के साथ मारपीट कर मंदिर में लगी ग्रिल को नुकसान पहुंचाया गया। इस घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया और देखते ही देखते जमकर पथराव शुरू हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही सिहोरा थाना पुलिस सहित आसपास के थानों का अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने तत्काल स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। घटना के बाद से आजाद चौक क्षेत्र में तनाव बना हुआ है और पुलिस लगातार निगरानी कर रही है।

गौरतलब है कि आजाद चौक क्षेत्र को पहले से ही अतिसंवेदनशील माना जाता रहा है। यहां दुर्गा मंदिर और मस्जिद आमने-सामने स्थित हैं, जिसके कारण पूर्व में भी विवाद की स्थिति बनती रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना के समय मंदिर में आरती और मस्जिद में नमाज लगभग एक ही समय पर हो रही थी, इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो युवक के साथ मारपीट और मंदिर की ग्रिल तोड़ने के बाद पथराव में बदल गया।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। प्रशासन द्वारा लोगों से शांति और संयम बनाए रखने की अपील की गई है।

#### मंदिर परिसर में मारपीट के बाद बढ़ा तनाव

हरिभूमि सिहोरा। वार्ड क्रमांक 5 स्थित आजाद चौक में गुरुवार रात करीब साढ़े नौ बजे उस समय हालात बिगड़ गए, जब दुर्गा मंदिर में आरती के दौरान एक युवक के साथ कथित मारपीट कर मंदिर की ग्रिल को नुकसान पहुंचाया गया। घटना के बाद दो पक्ष आमने-सामने आ गए और कुछ ही देर में पथराव शुरू हो गया।

#### भारी पुलिस बल तैनात, स्थिति नियंत्रण में

सूचना मिलते ही सिहोरा थाना पुलिस तथा आसपास के थानों का अतिरिक्त बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हालात को काबू में किया और क्षेत्र में सख्त सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी। देर रात तक पुलिस गश्त जारी रही।

#### अतिसंवेदनशील क्षेत्र में प्रशासन की सतर्कता

आजाद चौक को पूर्व से ही संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के समय मंदिर में आरती और समीप स्थित मस्जिद में नमाज लगभग एक साथ चल रही थी। किसी बात को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट और तोड़फोड़ के बाद पथराव में बदल गया। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है और प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

# पुणे-गाजीपुर सिटी-पुणे के मध्य चलेगी स्पेशल ट्रेन

### मदनमहल, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों पर ठहराव



**जबलपुर।** रेलवे द्वारा आगामी त्यौहारों होली पर यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01431/01432पुणे-गाजीपुर सिटी-पुणे स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल से होकर अपने गंतव्य को जाएगी।

पुणे-गाजीपुर सिटी-पुणे स्पेशल ट्रेन (04-04 ट्रिप) -गाड़ी संख्या 01431 पुणे से गाजीपुर सिटी स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 24 एवं 27 फरवरी 2026 एवं होली के अवसर पर 03 एवं 06 मार्च 2026 को पुणे स्टेशन से सुबह 06:40 बजे प्रस्थान कर मार्ग से होते हुए पिपरिया 22:10 बजे, नरसिंहपुर 23:05 बजे, पहुँचकर अगले दिन मदनमहल मध्यरात्रि 00:40 बजे, कटनी 02:45 बजे, मैहर 04:10 बजे, सतना 06:00 बजे पहुँचकर मार्ग से होते हुए रात में 19:05 बजे गाजीपुर सिटी स्टेशन पहुँचेगी। (04 सेवाएं)।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01432 गाजीपुर सिटी से पुणे स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 26 फरवरी एवं 01 मार्च 2026 एवं होली के अवसर पर 05 एवं 08 मार्च 2026 को गाजीपुर सिटी स्टेशन से भोर 04:20 बजे प्रस्थान कर सतना 17:25 बजे, मैहर 17:58 बजे, कटनी 18:50 बजे, मदनमहल 20:25 बजे, नरसिंहपुर 21:43 बजे, पहुँचकर अगले दिन पिपरिया मध्यरात्रि 00:18 बजे और सायं 16:20 बजे पुणे स्टेशन पहुँचेगी। (04 सेवाएं)। कोच कम्पोजीशनः- इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 06 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 18 कोच रहेंगे।

ट्रेन के हाल्टः- रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में दौंड कॉर्ड लाइन, अहिल्यानगर जंक्शन (अहमदनगर), कोपरगाँव, मनमाड, जलगांव, भुसावल, खण्डवा, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी, जौनपुर एवं औंड़िहार जंक्शन स्टेशनों पर रुकेगी।

# विशेष अदालत ने निरस्त की कैंट पुलिस की खात्मा रिपोर्ट

**जबलपुर।** विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम सुनील कुमार की अदालत ने कैंट बोर्ड, जबलपुर के स्वास्थ्य निरीक्षक अभयजीत सिंह परिहार के मामले में कैंट पुलिस द्वारा पेश खात्मा रिपोर्ट को अनुचित पाकर निरस्त कर दिया। मामला फरियादी मौसम पासी की शिकायत से संबंधित है। पासी ने आरोप लगाया था कि ;सात नवंबर, 2020 को सायं साढ़े सात बजे आरोपी ने वाहन को टक्कर मार दी थी। इसके बाद गाली-गलौच शुरू कर दी। जातिसूचक अपशब्दों से अपमानित किया। जान से मारने तक की धमकी दी। अंत में पत्नी को नौकरी से निकलवाले की चेतावनी दी। इसी प्रकरण में दर्ज अपराध को लेकर कैंट पुलिस की ओर से खात्मा रिपोर्ट पेश की गई थी। जिसमें कहा गया था कि साक्ष्यों का अभाव होने के कारण प्रतिवेदन पेश किया गया है। शिकायतकर्ता ने स्वयं कोर्ट में उपस्थित होकर इस खात्मा रिपोर्ट का विरोध किया।

## डॉ हेमलता श्रीवास्तव प्रापर्टी विवाद में कार्यवाही

# जमीन कब्जे को लेकर निगम ने कार्यालय खोला



**जबलपुर।** राईट टाउन स्थित बेसकीमती भूखंड पर नगर निगम ने अपना अधिपत्य जमा लिया है. डॉ हेमलता श्रीवास्तव के निधन के बाद कानूनी विवाद के घेरे में आई इस जमीन पर नगर निगम ने स्वास्थ्य विभाग का उपकार्यालय खोल दिया है। गुरुवार से इस कार्यालय का संचालन भी शुरु कर दिया।

#### भविष्य में बहुउपयोगी प्रोजेक्ट

कार्रवाई के संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि इस भूखंड पर बहु उपयोगी प्रोजेक्ट लाया जायेगा जिससे आमजनमानस को लाभ मिलने के साथ-साथ निगम प्रशासन की आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने बताया कि इस स्थल पर जल्द ही जनसुविधाओं से युक्त एक भव्य प्रोजेक्ट आकार लेगा। इसका लाभ सीधे तौर पर शहर की जनता को मिलेगा। यह कदम नगर निगम के लिए एक वरदान साबित होगा।

#### नियम तोड़ने वालों पर गिरेगी गाज

निगम प्रशासन ने इस कार्रवाई के साथ ही उन सभी लीजधारकों को सख्त चेतावनी दी है जो अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन कर रहे हैं, उनके विरूद्ध भी लीज निरस्त कर निगम अधिपत्य में लेने की कार्रवाई की जायेगी। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जिन भी लीजधारकों ने लीज की शर्तों को ताक पर रखा है और मनमाने ढंग से अनुबंध के विपरीत कार्य कर रहे हैं, उनकी भी लीज निरस्त कर जमीन वापस लेने की प्रक्रिया अब निरंतर जारी रहेगी।

### पान दुकान संचालक से रंगदारी वसूलने चाकू मारा

**जबलपुर।** लार्डगंज थानांतर्गत कल दोपहर एक बदमाश ने पान की दुकान चलाने वाले शख्स से शराब पीने 500 रुपये की मांग की। मना करने पर बदमाश ने पान दुकान संचालक पर चाकू से हमला कर हाथ की गदेली में चोट पहुंचा दी। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। लार्डगंज पुलिस ने बताया कि नानक नगर मानेगांव निवासी फरीद अहमद डॉ. मेहता के क्लीनिक के पास रानीताल में पान की दुकान चलाता है। दोपहर लगभग १.*० बजे फरीद दुकान पर था। तभी पिंटू मशराम आया और बोला कि तू बहुत कमाई कर रहा है। ऐसा कहते हुए पिंटू ने फरीद से शराब पीने ५०० रुपये मांगे। मना करने पर पिंटू ने फरीद की गदेली में चाकू मार दिया।

## एसईसीएल कर्मचारी की सेवा समाप्ति का आदेश निरस्त

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की एकलपीठ ने एसईसीएल कर्मचारी की सेवा समाप्ति का आदेश निरस्त कर दिया। कोर्ट ने मामला अपीलीय अधिकारी को वापस भेजते हुए उस पर पुनर्विचार करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने अपीलीय अधिकारी को कहा है कि वे सभी पक्षों को सुनवाई का अवसर देते हुए 60 दिन में मामले का निराकरण करें।याचिकाकर्ता अनूपपुर निवासी फरी लाल की ओर से अधिवक्ता केके पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता को 2016 में सेवा से बर्खास्त कर दिया था। उस पर आरोप था कि उसने अपने नाम के संबंध में गलत जानकारी देकर नौकरी हासिल की थी। मामले में विभागीय जांच के बाद उसकी सेवा समाप्त कर दी गई। तर्क दिया गया कि बर्खास्तगी व अपील आदेश तथ्यों और आपत्तियों पर विचार किए बिना पारित किए गए। याचिकाकर्ता ने सेवा समाप्ति के विरुद्ध संबंधित अधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत की। अपील निरस्त होने के कारण हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई।

### लगातार बढ़ रहे आनलाईन ठगी के मामले

# गांव से लेकर शहर तक ऑनलाईन ठगे गये लोग

जबलपुर।

पुलिस द्वारा ऑनलाइन पेमेंट के दौरान होने वाली साइवर ठगी से आमजनों को बचाने चलाये जा रहे जागरुकता अभियान के बावजूद ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। शहर से लेकर गांव तक लोग साइवर ठगी के शिकार हो रहे हैं। कल आधा दर्जन थानों में साइवर ठगी के मामले सामने आये। जिसने ठगों ने आनलाइन धोखाधड़ी कर लोगों को हजारों से लाखों की चपत लगाई।

#### किराना व्यापारी से दो लाख की साइवर ठगी

चरगवां थानांतर्गत ग्राम अहमदपुर में किराना दुकान व अनाज का कारोबार करने वाले विनीत जैन का खाता सेंट्रल बैंक चरगवां में है। वे रुपये का लेनदेन फोन पे के माध्यम से करते हैं। गत १२ दिसंबर २०२५ को उनके सेंट्रल बैंक खाते में ढाई लाख रुपये जमा थे। १* दिसंबर को उनके मोबाइल में मैसेज से पता चला कि दो लगातार दिनों में किसी ने उनके खाते से दो लाख रुपये निकाल लिए हैं।

#### सिटीजन कार्ड बनाने के नाम पर साढ़े तीन लाख ठगे

ग्वारीघाट थानांतर्गत पोलीपाथर निवासी लालचंद



दरस्यानी के मोबाइल पर एक व्हाट्स काल आया। काल करने वाले ने उनसे सीनियर सिटीजन कार्ड बनाने के लिए नाम व खाता संख्या पूछी। कुछ देर बाद लालचंद के खाते से तीन लाख ६० हजार रुपये निकल गये।

#### कार्ड एक्टीवेट करने का झांसा देकर दो लाख ठगे

गोहलपुर थानांतर्गत वंदना नगर में रहने वाले मोहम्मद फहीम राईन के मोबाइल नंबर पर गत १७ जनवरी को किसी अज्ञात का काल आया। आरोपी ने उनका क्रेडिट कार्ड एक्टीवेट करने के नाम पर जानकारी मांगी और कुछ देर बाद फहीम के खाते से दो लाख रुपये निकल गये। इसी थानांतर्गत स्वप्नलता कश्यप से भी अज्ञात जालसाज ने दो लाख की ऑनलाइन धोखाधड़ी की।

# यात्री से अतिरिक्त पैसे वसूले, विजलेंस की कार्यवाही महिला लिपिक के पास 980 रुपये अधिक मिले

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 के क्लर्क द्वारा ज्यादा पैसा वसूलने की शिकायत पर विजलेंस इंस्पेक्टर ने तुरंत शिकायत की महिला लिपिक के पास से 980 रुपए अधिक मिले। इस संबंध में संबंधित विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात डिप्टी एसएस कामर्शियल के पास एक यात्री पहुंचा, उसने शिकायत की कि प्लेटफार्म नंबर 1 की ओर बने काउंटर पर एक महिला कर्मचारी ने उससे टिकट के 300 रुपए से अधिक वसूले हैं. जिस पर डिप्टी एसएस ने तत्काल फोन करके महिला कर्मचारी को समझाइस देकर यात्री की समस्या का निदान करने कहा, जैसे ही वह यात्री वहां से गया, तभी दो अन्य यात्री डिप्टी एसएस के पास पहुंचे और उसने भी यही शिकायत दोहराई कि महिला क्लर्क ने उनसे भी टिकट के निर्धारित दर से अधिक राशि वसूली और वापस लौटाने का कहने पर अभद्रता कर रही हैं।सूत्रों के मुताबिक जब यात्री महिला क्लर्क के कारनामो की शिकायत डिप्टी एसएस (कॉमर्शियल) से कर रहे थे, उस दौरान वहां पर पमरे के एक विजिलेंस निरीक्षक भी मौजूद रहे. जिन्होंने शिकायत को गंभीरता से लिया और तुरंत ही संबंधित बुकिंग काउंटर पर पहुंचे और महिला क्लर्क की जांच शुरू की। बताया जाता है कि महिला लिपिक के पास से 980 रुपये अधिक मिले हैं. महिला कर्मचारी उक्त अतिरिक्त राशि का कोई हिसाब नहीं दे पाई.।

### निगम के वसूली अभियान में 8 करदाताओं के खिलाफ कुर्की कार्रवाई

# नोटिस चस्पा, नल कनेक्शन काटे, बकाया कर राशि वसूली के लिए अभियान जारी

**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार जबलपुर नगर निगम द्वारा संभागवार एवं वार्डवार वसूली अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत बार-बार सूचना देने के बावजूद बकाया कर राशि जमा न करने वाले करदाताओं के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की गई। कुर्क सम्पत्तियों को वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए नीलाम करने की कार्रवाई भी की जाएगी। संभागवार कार्रवाई में मुख्यालय, घंटाघर और क्षेत्रीय बस स्टैंड संभागों में प्रभावी वसूली की गई।

संभाग 06 – क्षेत्रीय बस स्टैंडः डॉ. राम मनोहर लोहिया वार्ड में स्वामी अनिल यादव पर 78,571 रुपये और सुनील कुमार एवं कुमारी संगीता पर 66,559 रुपये बकाया होने पर भवन पर कुर्की के नोटिस चस्पा किए गए।

संभाग 12 – घंटाघरः पं. लोकमान्य बालगंगाधर तिलक वार्ड में भवन स्वामी घासी खान और मीकम खान ने कुछ राशि जमा की, जबकि हाफिज अ. कबीर अ. रहमान से 29,130 रुपये और अब्दुल रशीद अ. लतीफ खान से 54,108 रुपये बकाया होने पर नल काटने की कार्रवाई की गई।संभाग 13 – मुख्यालयः स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड में प्रफुल्ल कुमार माहेश्वरी पर 21,92,925 रुपये, पी.पी. सगरिया पर 1,01,727 रुपये और प्रभाकर राव मुले पर 1,25,099 रुपये बकाया होने पर नोटिस चस्पा कर कुर्की कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई।



कार्यवाही के दौरान सभी संभागीय अधिकारियों, राजस्व निरीक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लिया। निगमायुक्त की सख्ती और निगम की सक्रियता से करदाताओं में वसूली के प्रति चेतना बढ़ी और स्वच्छ प्रशासन के लिए नगर निगम की प्रतिबद्धता को मजबूती मिली।

### शराब पीने से मना करने पर वारदात, आरोपी फरार

# भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष के भाई पर चाकू से हमला

**जबलपुर।** विजयनगर थानांतर्गत कल देर रात सनातन चौक विजयनगर के पास घर जा रहे भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष के भाई पर शराब खोरों ने कड़े व चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उनका कसूर यह थी उन्होंने सरेआम शराब पीने से रोका था. वे हमलावरों से किसी तरह अपनी जान बचाकर पिंटू पटेल घर पहुंचे और कार से एक निजी अस्पताल पहुंचकर अपना इलाज कराया। पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले रही है, अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है. सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है. गौरतलब है की पिंटू पटेल महात्मा गांधी वार्ड से भाजपा की टिकिट पर पार्षद का चुनाव लड़ चुके हैं.



विजयनगर पुलिस ने बताया कि लक्ष्मीपुर विजयनगर श्रीटॉवर निवासी खेमराज उर्फ पिंटू पटेल पेशे से कांट्रेक्टर हैं और भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल के भाई हैं। वे कल रात लगभग १० बजे खेमराज अपनी मोटरसाइकिल से पुराने घर भूमि तलैया बड़ा फुहारा गया था। जहां से वापस नये घर लक्ष्मीपुर जा रहा था। तभी सनातन चौक विजयनगर के पास उसने देखा कि तीन लोग सड़क पर बैठकर शराब पी रहे हैं। ठेकेदार खेमराज के मना करने पर तीनों उससे उलझ गये। इस दौरान आरोपियों ने चाकू, कड़ा से हमला कर ठेकेदार खेमराज के साथ बेरहमी से मारपीट की। घटना में गंभीर रूप से घायल ठेकेदार खेमराज किसी तरह जान बचाकर घर पहुंचा। इसके बाद वह इलाज कराने अपनी कार से गेलेक्सी अस्पताल उखरी आकर भर्ती हो गया।


## प्रदेश के वकीलों की सुरक्षा के लिए अविलंब लागू हो प्रोटेक्शन एक्ट

**जबलपुर।** प्रदेश के सवा लाख पंजीकृत अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर उनकी अभिभावक संस्था एमपी स्टेट बार काउंसिल ने एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट की मांग तेज कर दी है। इसके तहत स्टेट बार चेयरमैन राधेलाल गुप्ता ने मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, विधि विधायी सचिव को पत्र भेजा है। पिछले दिनों शिवपुरी में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या के बाद से राज्य के वकील आक्रोशित हैं। हाई कोर्ट व जिला बार की ओर से उठाई गई मांग को गंभीरता से लेकर स्टेट बार ने अपनी जिम्मेदारी पूरी करने की दिशा में ठोस प्रयास को गति दे दी है। इसके तहत शासकीय कार्यालयों एवं पुलिस विभाग में अधिवक्ताओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने हेतु बाध्यकारी आचार संहिता अधिसूचित करने पर भी बल दिया गया है। अधिवक्ता मृत्युदावा राशि, मेडिक्लेम आदि की राशि बढ़ाने की मांग की गई है।

**स्टेट बार चेयरमैन ने मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, विधि विधायी सचिव को भेजा पत्र**

**खबर संक्षेप**

## सर्वम एआई मई में पेश करेगी 'स्मार्ट चश्मा'



**नई दिल्ली।** भारतीय एआई मॉडल विकसित करने वाली कंपनी 'सर्वम' इस साल मई तक भारत में निर्मित अपना स्मार्ट चश्मा बाजार में उतारने की योजना बना रही है। सर्वम के सह-संस्थापक प्रत्युष कुमार ने फीचर फोन में एआई प्रौद्योगिकी लाने के लिए मोबाइल फोन निर्माता एचएमडी'' के साथ साझेदारी की घोषणा की।

## कनाडा से अगले महीने होगी भारत की एफटीए वार्ता



**नई दिल्ली।** अगले महीने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के भारत दौरे के दौरान भारत और कनाडा मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) के लिए बातचीत शुरू करने के लिए संदर्भ एवं शर्तो को अंतिम रूप दे सकते हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। संदर्भ एवं शर्ते (टीओआर) एक प्रस्तावित व्यापार समझौते के दायरे और तौर-तरीकों को बताते हैं।

## गूगल भारत-अमेरिका के बीच बिछाएगी समुद्री केबल



**नई दिल्ली।** भारत की एआई (कृत्रिम मेधा) क्षमता पर बड़ा दांव लगाते हुए गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने भारत, अमेरिका और अन्य स्थानों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए समुद्र के भीतर केबल बिछाने की एक नयी पहल की घोषणा की। उन्होंने 800 जिलों के दो करोड़ से अधिक लोक सेवकों को क्लाउड अवसंरचना मंच सहायता प्रदान करने के लिए साझेदारी की भी घोषणा की।

## जनवरी में अमेरिका को भारत का निर्यात घटा



**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा लगाए गए उच्च शुल्क के बीच जनवरी में अमेरिका को भारत का वस्तु निर्यात 21.77 प्रतिशत घटकर 6.6 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछले साल सितंबर, अक्टूबर और दिसंबर में भी निर्यात में गिरावट देखी गई थी, जबकि नवंबर में यह 22.61 प्रतिशत बढ़ा था।

## जलवायु परिवर्तन से कॉफी की आपूर्ति पर बुरा असर



**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ते तापमान और अनियमित मौसम का दुनिया के प्रमुख कॉफी उत्पादक क्षेत्रों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ऊंचे तापमान और सूखे की स्थिति से कॉफी की उपज घट रही है, जिससे इस लोकप्रिय पेय की कीमतें बढ़ रही हैं। कॉफी दुनिया में सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली गैर-अल्कोहल पेय में से एक है।

## आवक बढ़ने से सरसों सोया व पामतेल सुधरे

**नई दिल्ली।** मौसम खुलने के बाद मंडियों में आवक बढ़ने के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में बृहस्पतिवार को सरसों तेल-तिलहन में गिरावट देखी गई। मांग कमजोर रहने से सोयाबीन तिलहन में भी नरमी रही। दूसरी ओर, विदेशी बाजारों में तेजी रहने के बीच सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल में सुधार आया। कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर बने रहे। शिकॉगो एक्सचेंज में रात लगभग 1.75 प्रतिशत की तेजी थी और फिलहाल यहां लगभग आधा प्रतिशत की तेजी चल रही है।

# 1 अप्रैल से बदलेंगे क्रेडिट कार्ड के नियम, ज्यादा स्वाइप किया तो आएगा नोटिस

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- सबसे महत्वपूर्ण बदलाव बड़े क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान से जुड़ा है

देश में डिजिटल भुगतान का दायरा तेजी से बढ़ रहा है और क्रेडिट कार्ड अब सिर्फ मेट्रो शहरों तक सीमित नहीं रहा। टियर-2 और टियर 3 शहरों में भी लोग रोजमर्रा के खर्च, ऑनलाइन शॉपिंग और बिल पेमेंट के लिए इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे समय में 1 अप्रैल 2026 से क्रेडिट कार्ड से जुड़े कुछ अहम नियम लागू हो सकते हैं, जो सीधे तौर पर टैक्सपेयर्स और कार्ड यूजर्स को प्रभावित करेंगे। हाल ही में आयकर विभाग ने ड्राफ्ट इनकम टैक्स रूल्स 2026 जारी किए हैं। प्रस्ताव है कि ये नए नियम 1962 के पुराने नियमों की जगह लेंगे। ड्राफ्ट में क्रेडिट कार्ड से संबंधित पांच प्रमुख प्रावधान शामिल हैं।

### आयकर विभाग ने ड्राफ्ट इनकम टैक्स रूल्स 2026 जारी किए

### पैन आवेदन में स्टेटमेंट मान्य

पैन कार्ड के लिए आवेदन करते समय अब क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट को एड्रेस प्रूफ के तौर पर स्वीकार किया जा सकेगा, लेकिन शर्त ये होगी कि स्टेटमेंट तीन महीने से ज्यादा पुराना न हो। पुराने स्टेटमेंट दस्तावेज के रूप में मान्य नहीं होंगे। इससे दस्तावेजों की ताजगी और सत्यता सुनिश्चित करने की कोशिश की गई है।

***क्रेडिट कार्ड जारी करने में पैन अनिवार्य :*** *प्रस्तावित नियमों के तहत अब किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था को क्रेडिट कार्ड जारी करने से पहले आवेदक का पैन लेना अनिवार्य होगा। बिना पैन के नया क्रेडिट कार्ड जारी नहीं किया जाएगा। ये कदम बड़े लेन-देन पर निगरानी मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया गया है।*




***टैक्स भुगतान के लिए डिजिटल ऑप्शन :*** *नए ड्राफ्ट नियमों में आयकर भुगतान के लिए क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और नेट बैंकिंग को आधिकारिक इलेक्ट्रॉनिक माध्यम के रूप में मान्यता दी गई है। इसका मतलब है कि टैक्स जमा करने की प्रक्रिया और अधिक डिजिटल व सुविधाजनक हो जाएगी। इससे टैक्सपेयर्स को भुगतान के ज्यादा विकल्प मिलेंगे और फिजिकल मोड पर निर्भरता घटेगी।*

### कंपनी द्वारा दिए गए कार्ड पर टैक्स नियम

अगर किसी कर्मचारी को कंपनी की ओर से क्रेडिट कार्ड दिया गया है और उसके खर्च जैसे- सालाना शुल्क या सदस्यता फीस का भुगतान कंपनी करती है, तो इसे परक्विजिट माना जाएगा। यानी ये कर्मचारी की आय में जोड़ा जाएगा और उस पर टैक्स लगेगा। हालांकि अगर खर्च पूरी तरह आधिकारिक कार्य से जुड़ा है, तो टैक्स नहीं लगाया जाएगा। इसके लिए कंपनी को खर्च का पूरा रिकॉर्ड रखना होगा, जिसमें तारीख, खर्च का डिटेल्स और ये प्रमाण शामिल हो कि राशि केवल ऑफिसियल काम के लिए इस्तेमाल हुई।

### 10 लाख से ज्यादा के भुगतान की सूचना देनी होगी

सबसे महत्वपूर्ण बदलाव बड़े क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान से जुड़ा है। अगर कोई व्यक्ति एक वित्त वर्ष में 10 लाख रुपए से ज्यादा का क्रेडिट कार्ड बिल गैर-नकद माध्यमों-जैसे यूपीआई, बैंक ट्रांसफर या चेक से चुकाता है, तो बैंक या कार्ड जारी करने वाली कंपनी इसकी सूचना आयकर विभाग को देगी। वहीं अगर 1 लाख रुपए या उससे ज्यादा का भुगतान नकद में किया जाता है, तो उसकी भी रिपोर्टिंग अनिवार्य होगी। हालांकि इस तरह की व्यवस्था पहले भी थी, लेकिन नए नियमों में इसे और स्पष्ट रूप से शामिल किया गया है।

## उद्यम पूंजी निवेशक विनोद खोसला ने पेश की रूपरेखा

# एआई को आधार से जोड़कर सबको मिल सकते हैं ट्यूटर, चिकित्सक, कृषि विशेषज्ञ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उद्यम पूंजी निवेशक विनोद खोसला ने अगले कुछ वर्षों में भारतीय नागरिकों को कृत्रिम मेधा (एआई) से संचालित ट्यूटर, चिकित्सक एवं कृषि विशेषज्ञ उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी रूपरेखा पेश करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इन सार्वजनिक सेवाओं को 'आधार' पारिस्थितिकी में एकीकृत किया जा सकता है।

खोसला ने यहां आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट' के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि इन एआई प्रणालियों के निर्माण एवं संचालन के लिए पहले एक गैर-लाभकारी कंपनी बनाई जाए जिसे बाद में आधार प्रणाली में स्थानांतरित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसे एक एकीकृत भुगतान प्रणाली (यूपीआई) जैसी सेवा के साथ भी जोड़ा जा सकता है।



- सार्वजनिक सेवाओं को 'आधार' में एकीकृत किया जा सकता है
- संचालन के लिए पहले एक गैर-लाभकारी कंपनी बनाई जाए
- इसे यूपीआई जैसी सेवा के साथ भी जोड़ा जा सकता है

### बुनियादी ढांचा पहले से तैयार है

उद्यमी ने कहा, /"आधार ने हमें यूपीआई जैसी सुविधा उपलब्ध कराई। उसी पहचान-आधारित प्रणाली पर, जहां बुनियादी ढांचा पहले से तैयार है, हम एक या दो वर्षों में हर भारतीय को ये सार्वजनिक सेवाएं दे सकते हैं।/" खोसला ने इस पर जोर दिया कि देश को एआई के ऐसे अनुप्रयोगों पर ध्यान देना चाहिए, जो सीधे तौर पर आबादी के निचले आधे हिस्से को लाभ पहुंचाएं, तभी एआई का राष्ट्रीय स्तर पर परिवर्तनकारी प्रभाव दिखेगा।

***दीक्षा मंच की उपयोगिता बढ़ सकती है :*** *खोसला ने शिक्षा क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि एआई-आधारित व्यक्तिगत ट्यूटर कोई भविष्य की अवधारणा नहीं हैं, बल्कि लाखों छात्रों पहले से ही इसका उपयोग कर रहे हैं। ऐसे ट्यूटर छात्र की सीखने की कमी को चिह्नित कर पाठ्यक्रम को उसी के हिसाब से अनुकूलित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये प्रणालियां सरकार के 'दीक्षा' मंच की उपयोगिता को भी बढ़ा सकती हैं।*

***सेवा कम लागत में संभव*** *खोसला ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि जैसी सेवाओं को एआई के जरिये बड़े पैमाने पर सुलभ बनाना अपेक्षाकृत कम लागत में संभव है और ऐसा न करना देश के लिए एक बड़ा अवसर गंवाने जैसा साबित हो सकता है।*

### 100 मेगावाट एआई अवसंरचना के लिए टाटा व ओपनएआई में साझेदारी

टाटा समूह और ओपनएआई ने भारत में 100 मेगावाट (एमडब्ल्यू) एआई अवसंरचना विकसित करने की योजना पर आधारित एक रणनीतिक साझेदारी की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इसे आगे एक गीगावाट (जीडब्ल्यू) तक बढ़ाया जा सकता है। इसके साथ ही उद्यम स्तर पर एआई की स्वीकार्यता में तेजी लाने, उद्योग-विशिष्ट समाधान विकसित करने और भारतीय युवाओं के लिए एआई कौशल विस्तार के संयुक्त प्रयास भी किए जाएंगे।

### एक गीगावाट तक बढ़ाने का विकल्प होगा

बहुवर्षीय समझौते के तहत टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की 'हाइपरवॉल्ट' इकाई एआई-सक्षम, हरित ऊर्जा आधारित अवसंरचना विकसित करेगी जिसे अगली पीढ़ी के एआई कार्यभार को समर्थन देने के लिए तैयार किया गया है।''

### उत्पादन बढ़ाने चैटजीपीटी तक पहुंच मिलेगी

इस सहयोग के तहत टाटा समूह के कई हजार कर्मचारियों को उत्पादकता और नवाचार बढ़ाने के लिए एंटरप्राइज चैटजीपीटी तक पहुंच मिलेगी, जबकि टीसीएस सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग परिणामों को बेहतर बनाने के लिए ओपनएआई के कोडेक्स का उपयोग करेगा।

### टीसीएस पहले ही एक अरब डॉलर का निवेश हासिल कर चुका

संयुक्त बाजार रणनीति के तहत टीसीएस भारतीय और वैश्विक उद्यमों के लिए ओपनएआई के एआई समाधानों को लागू, एकीकृत और विस्तारित करेगी जिससे संगठन-व्यापी एआई रूपांतरण को समर्थन मिलेगा। टीसीएस ने पहले डेटा केंद्र कारोबार के लिए टीपीजी से एक अरब डॉलर का निवेश हासिल किया था और कहा था कि निजी इक्विटी कंपनी इस कारोबार में 27.5 से 49 प्रतिशत हिस्सेदारी रखेगी।

# यूरोपीय संघ को भारत से कृषि उत्पाद के निर्यात में वृद्धि




- मोटर वाहनों के निर्यात बढ़ाने पर भारत की नजर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के कृषि उत्पाद और मोटर वाहनों का निर्यात यूरोपीय बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ा रहा है और अप्रैल-दिसंबर, 2025 के दौरान इसमें अच्छी वृद्धि दर्ज की गई है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

आंकड़ों से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों के दौरान वैश्विक वाहन निर्यात में भारत के 19.3 अरब डॉलर में से, यूरोपीय संघ (ईयू) का हिस्सा अप्रैल-दिसंबर, 2024 के 9.8 प्रतिशत से बढ़कर 11.6 प्रतिशत हो गया।

यूरोपीय संघ को निर्यात अप्रैल-दिसंबर, 2024 के 1.6 अरब डॉलर से बढ़कर अप्रैल-दिसंबर, 2025 में 2.2 अरब डॉलर हो गया। भारत ने हाल ही में यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में इस क्षेत्र से दुनिया को भारत का निर्यात भी 16.8 अरब डॉलर से बढ़कर 19.3 अरब डॉलर हो गया।

### कॉफी, चाय, मसाले ने निर्यात में भी वृद्धि

इसी तरह, ईयू को भारत के मछली, कॉफी, चाय, मसाले, अनाज, गोंद और रेजिन के निर्यात में भी इस दौरान अच्छी वृद्धि दर दर्ज की गई है। अनाज का निर्यात अप्रैल-दिसंबर, 2024 के 18.1 करोड़ डॉलर से बढ़कर अप्रैल-दिसंबर, 2025 में 33.9 करोड़ डॉलर हो गया है। व्यापार समझौते के तहत शून्य-शुल्क पहुंच से इन उत्पादों के निर्यात में और बढ़ोतरी होगी।

# श्रीलंका में नए वाहनों का पंजीकरण बढ़ा

एजेंसी ▸▸ कोलंबो

श्रीलंका में जनवरी में नए वाहनों का पंजीकरण बढ़कर 55,000 इकाई हो गया, जो दिसंबर में 48,000 इकाई था। इस दौरान भारत से आयात में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। विश्लेषक संस्था जेबी सिक्योरिटीज ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

भारत से आयात जनवरी में बढ़कर 30,766 इकाई हो गया जो दिसंबर में 26,631 इकाई था। जेबी सिक्योरिटीज ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, नए पंजीकरण में दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी 24,163 वाहनों के साथ सबसे अधिक रही। इसके बाद तिपहिया वाहन (3,441 इकाई), एसयूवी (2,100 इकाई) और ट्रक (237 इकाई) का स्थान रहे। कारों का पंजीकरण मासिक आधार पर घटकर जनवरी में 4,648 इकाई रह गया, जो दिसंबर में 5,007 इकाई था। तिपहिया वाहनों का पंजीकरण बढ़कर 3,448 इकाई हो गया जो पिछले महीने 3,007 इकाई था। भारत की बजाज 2,852 इकाइयों के साथ बाजार में अग्रणी बनी रही। इसके बाद टीवीएस 400 इकाइयों के साथ दूसरे स्थान पर रही।



- भारत से आयात में 15 प्रतिशत उछाल
- पंजीयन बढ़कर 55 हजार इकाई हुआ

***ईवी तिपहिया वाहन सीमित रहे :*** *इस दौरान भारत से आयात में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन अब भी सीमित रहे, जिनका पंजीकरण मात्र 29 इकाई रहा।*

### जम्मू-कश्मीर में केसर उत्पादन घटकर 19.58 टन



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में केसर का उत्पादन वर्ष 2023-24 के 23.53 टन से घटकर वर्ष 2024-25 में 19.58 टन रह गया है। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक, हसनैन मसूदी के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, उप मुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में केसर की खेती का कुल रकबा 1,116.27 हेक्टेयर पर स्थिर रहा है, लेकिन उत्पादन और उत्पादकता में उतार-चढ़ाव आया है। सदन में साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, केसर का उत्पादन वर्ष 2020-21 में 17.33 टन का हुआ था, जो वर्ष 2021-22 में घटकर 14.87 टन और वर्ष 2022-23 में 14.94 टन रह गया, और फिर वर्ष 2023-24 में तेजी से बढ़कर 23.53 टन हो गया। इसमें कहा गया है कि वर्ष 2024-25 में यह फिर से घटकर 19.58 टन रह गया।

# सॉफ्टवेयर उद्योग की प्रकृति बदल देगा एआई : ऑल्टमैन

**नई दिल्ली।** ओपनएआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सैम ऑल्टमैन ने बृहस्पतिवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) सॉफ्टवेयर उद्योग की प्रकृति बदल देगी। उन्होंने कहा कि कुछ कंपनियों के लिए यह नुकसानदेह हो सकता है जबकि कई अन्य कंपनियां अपनी अलग मूल्य पेशकश (वैल्यू प्रपोज़िशन) के कारण इससे लाभ उठा सकेंगी।ऑल्टमैन ने बातचीत में कहा कि एआई के कारण प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए बहुत कुछ बदलने वाला है, क्योंकि 'कोडिंग' अब पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान और तेज हो गई है। उन्होंने कहा, /"...लेकिन लोग जरूरत से ज्यादा सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रतिक्रियाएं देते हैं।

***अब साफ्टवेयर बनाना हुआ आसान :*** *यह पूरी तरह सच है कि अब सॉफ्टवेयर बनाना पहले से कहीं अधिक आसान हो गया है और मुझे यकीन है कि यह कुछ सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए काफी बुरा साबित होगा।*

# चांदी 18,000 रुपए की छलांग के साथ 2.6 लाख रुपए पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश की राजधानी में बृहस्पतिवार को बहुमूल्य कीमती धातुओं की कीमतों में सात प्रतिशत से ज़्यादा की बढ़ोतरी हुई। चांदी जहां 2.6 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, वहीं सोना 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम की ऊंचाई पर पहुंच गया।

यह उछाल वैश्विक रुख तथा अमेरिका एवं ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच सुरक्षित निवेश वाली संपत्तियों की मांग में बढ़ोतरी की वजह से आया। स्थानीय बाजार के जानकारों के मुताबिक, चांदी बुधवार के 2,46,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 18,000 रुपये या 7.32 प्रतिशत बढ़कर 2,64,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गई।99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,950 रुपये या 1.24 प्रतिशत बढ़कर 1,58,650 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गया। पिछले सत्र में यह 1,56,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर चांदी 1.03 प्रतिशत बढ़कर 77.97 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी, जबकि सोना थोड़ा बढ़कर 4,991.24 डॉलर प्रति औंस पर था।

# भारत में एआई के प्रभाव अन्य देशों से अधिक दिखेंगे: एडोब

**नई दिल्ली।** एडोब के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने शांतनु नारायण ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) के प्रभाव अगले कुछ वर्षों में दुनिया के अन्य किसी भी देश की तुलना में अधिक नजर आएंगे क्योंकि यहां आबादी अधिक है। साथ ही देश डेटा, गोपनीयता और सुरक्षा के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की भूमिका निभा सकता है। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' 2026 में नारायण ने कहा कि एआई को लोकतांत्रिक बनाने और उसे आम लोगों तक उपलब्ध कराने के मामले में भारत अधिकतर अन्य देशों की तुलना में बेहतर स्थिति में है। उन्होंने कहा, /" प्रभावों के संदर्भ में एक बात यह है कि भारत में एआई का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या अगले कुछ वर्षों में दुनिया के किसी भी अन्य देश से अधिक होगी।

# इसी साल भारत में शुरू हो जाएगा स्थायी चुंबक का उत्पादन : रेड्डी

- आरईपीएम का उपयोग ईवी और ऊर्जा आदि में
- आयात पर निर्भरता कम करने के लिए ठोस कदम उठा रही

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में इसी साल से दुर्लभ पृथ्वी स्थायी चुंबक (आरईपीएम) का उत्पादन शुरू हो जाएगा, जो इलेक्ट्रिक वाहन एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण खनिजों में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अहम कदम होगा। दुर्लभ पृथ्वी स्थायी चुंबक का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहन, पवन चक्कियों, इलेक्ट्रॉनिक्स, वैमानिकी और रक्षा क्षेत्रों में व्यापक रूप से किया जाता है। रेड्डी ने यहां उद्योग मंडल फिक्की और खान मंत्रालय की तरफ से आयोजित सम्मेलन में कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत सरकार दुर्लभ पृथ्वी तत्वों के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए ठोस कदम उठा रही है।

**एम.पी. स्टेट सिविल सप्लाईज कारपोरेशन लि.**
मुख्यालय, भोपाल
क्र./परिवहन/निविदा/785535/2025-26/NIT No./222
भोपाल, दिनांक : 19.02.2026

**परिवहन कार्य अवधि वर्ष 2025-27 हेतु तृतीय (शेष निविदाओं हेतु) ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्पोरेशन द्वारा निविदा अवधि वर्ष 2025-27 हेतु परिवहन कार्यों की ऑनलाइन GEM पोर्टल पर Handling, Transport and Other Mining Services के अन्तर्गत रजिस्टर्ड निविदाकारों से जिलों/रैक प्वाइन्ट्स/सेक्टर्स हेतु निम्नानुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:-
01. LRT (रबी-खरीफ उपार्जन)
02. LRT (सामान्य)
03. HLRT (खाद्यान्न)
04. HLRT (बारदाना)
निविदा दस्तावेज वेबसाइट https://gem.gov.in पर अवलोकन हेतु उपलब्ध हैं। निविदा दस्तावेज एवं निविदा प्रक्रिया ऑनलाइन भरने से सम्बंधित तकनीकी सहयोग व स्पष्टीकरण हेतु टोल फ्री नम्बर (Inbound): 1800-419-3436 1800-102-3436 (9:00 am - 10:00 pm Mon. to Sat.) पर सम्पर्क कर सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/124539/2026 महाप्रबंधक (परिवहन)

**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**
(संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित)
56-57, इन्स्टीट्युशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली- 110058

**आयुर्वेद गुरुकुलम् की संबद्धता हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रण**

आयुर्वेद गुरुकुलम् के अंतर्गत दो वर्षीय प्री-आयुर्वेद कार्यक्रम के साथ बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी (BAMS) हेतु कुल साढ़े सात वर्ष की अवधि के शैक्षणिक कार्यक्रम के लिए केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयुर्वेद गुरुकुलों को सम्बद्धता प्रदान की जा रही है। तदनुसार केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, भारत सरकार के भारतीय चिकित्सा पद्धत राष्ट्रीय आयोग (NCISM) द्वारा राजपत्र में अधिसूचित विनियमों के अंतर्गत आयुर्वेद गुरुकुलों की सम्बद्धता हेतु योग्य संस्थानों से आवेदन आमंत्रित करता है। आयुर्वेद गुरुकुलों का उद्देश्य सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित प्री-आयुर्वेद कार्यक्रम एवं BAMS पाठ्यक्रम के अनुरूप आयुर्वेद में पारम्परिक गुरुकुल--आधारित शिक्षा प्रदान करना है।
आयुर्वेद गुरुकुलों में प्रवेश कक्षा 10वीं अथवा समकक्ष उत्तीर्ण छात्रों अखिल भारतीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।
इच्छुक संस्थान केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से आयुर्वेद गुरुकुलों की सम्बद्धता हेतु आवेदन कर सकते हैं - https://www.sanskrit.nic.in/ayurveda_gurukulam.php विस्तृत दिशा-निर्देश, पात्रता मानदंड एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखें : www.sanskrit.nic.in
दिनांक : 09.02.2026
हस्ता/-
कुलसचिव
cbc-21212/12/0005/2526

**पश्चिम मध्य रेल**
खुली निविदा
संकेत एवं दूरसंचार विभाग
मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई निविदा आमंत्रित कहते है। **निविदा सूचना क्रमांक :** जबल–एन–टेली–टेण्डर–2026–4, **कार्य का नाम लोकेशन के साथ :** जबलपुर डिवीजन के बीएचटीएन और एसबीडी स्टेशनों के यार्ड में मुख्य लाइन की ओर मुख वाले बिंदुओं की कवरेज के लिए सीसीटीवी की व्यवस्था करना। **निविदा का अनुमानित मूल्य (रु में) :** रु 2247221.70, **निविदा फार्म की कीमत (रुपये) :** रु00/-, **कार्यालय का पता :** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर, **बयाना राशि रुपये :** रु.45000.00, **समापन अवधि (माह) :** 06 माह, **निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 16.03.2026 को 15.00 बजे तक बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे बेबसाइट "https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त बेबसाइट ते ऑनलाईन ही आवेदन की जा सकती है।
(हस्ता.)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**नागपुर मंडल में विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:
**1. निविदा क्र.:** सी/52/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** (1) नागपुर मंडल: ADEN/Tr./नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत NITR, KAV, KP, KNHN, SAL, CHCR, TAR और RRL में कॉलोनी की सड़कों में सुधार। (2) नागपुर मंडल: ADEN/Tr./नागपुर के अधिकार क्षेत्र में KAV, KP और NITR में बाउंड्री वॉल / कंपाउंड वॉल का निर्माण।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹4,32,15,202/-
**बयाना राशि:** ₹3,66,100/-
**2. निविदा क्र.:** सी/53/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN/तुमसर रोड के अधिकार क्षेत्र में रेलवे सामग्री ले जाने के लिए ट्रकों को किराए पर लेना (कुल-02 ट्रक) SSE /PW/भंडारा रोड और SSE/PW/तुमसर रोड प्रत्येक के लिए एक वर्ष की अवधि के लिए।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹22,84,594/-
**बयाना राशि:** ₹45,700/-
उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक 06.03.2026 के 15:00 बजे तक जमा कर सकते है।
मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है व प्राप्त मैन्युअल ऑफर्स अस्वीकार कर दिए जाएंगे।
अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
वरिष्ठ मंडल अभियंता - मध्य, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
AIM/69-307
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

चिंतन

# सिर्फ जरूरतमंदों को ही मिले सरकारी मदद

देश में बढ़ते "फ्रीबीज कल्चर" पर एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए राज्य सरकारों को स्पष्ट संदेश दिया है कि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तव में गरीब और वंचित तबकों तक ही सीमित होना चाहिए। शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी भले नई न हो, लेकिन इसके निहितार्थ बेहद गंभीर हैं। जब कल्याणकारी योजनाएं राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का औजार बन जाएं और आर्थिक विवेक पीछे छुट जाए, तब राज्य के विकास पर दीर्घकालिक असर पड़ना तय है। अदालत ने यह टिप्पणी उस याचिका की सुनवाई के दौरान की, जिसमें आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना सभी उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली देने का प्रस्ताव दिया गया था। प्रश्न यह नहीं है कि गरीबों की मदद की जाए या नहीं, निस्संदेह की जानी चाहिए। प्रश्न यह है कि क्या बिना किसी भेद के, भुगतान करने में सक्षम लोगों को भी मुफ्त सुविधाएं देना न्यायसंगत और आर्थिक रूप से टिकाऊ है? कल्याण और तुष्टीकरण के बीच की रेखा बहुत पतली होती है और उसे पहचानना सरकारों की जिम्मेदारी है। भारत जैसे विकासशील देश में संसाधन सीमित हैं। अधिकांश राज्य पहले से ही राजस्व घाटे से जूझ रहे हैं। ऐसे में यदि सरकारों का बड़ा हिस्सा कर्मचारियों के वेतन और मुफ्त राशन/बिजली जैसी योजनाओं पर ही खर्च हो जाए, तो बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सृजन जैसी प्राथमिकताएं पीछे छूट जाती हैं। अदालत की यह चिंता वाजिब है कि विकास परियोजनाएं अधूरी पड़ी हैं, जबकि चुनावी मौसम में नई-नई घोषणाएं हो जाती हैं। अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता को दांव पर लगाना दूरदर्शिता नहीं कहा जा सकता। लोकलुभावन वादों का आकर्षण हर लोकतंत्र में रहता है। चुनाव के आसपास मुफ्त योजनाओं की बाढ़ आना भी कोई अनोखी बात नहीं, लेकिन क्या यह स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा है? यदि नागरिकों को यह संदेश जाए कि राज्य हर जरूरत खाना, बिजली, गैस बिना शर्त उपलब्ध कराएगा तो काम और उद्यमिता के प्रति प्रेरणा पर भी असर पड़ सकता है। आत्मसम्मान और स्वावलंबन किसी भी समाज की बुनियाद होते हैं। सरकार का दायित्व अवसर पैदा करना है। रोजगार, कौशल विकास, उद्यम के लिए अनुकूल माहौल बनाना, न कि स्थायी निर्भरता की संस्कृति विकसित करना। यह भी सच है कि भारत में अभी भी बड़ी आबादी ऐसी है जो बिजली का बिल, रसोई गैस या जरूरी राशन का खर्च वहन करने में असमर्थ है। उनके लिए लक्षित और पारदर्शी सहायता अनिवार्य है। तकनीक और डेटा के इस युग में आय, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और जरूरत के आधार पर लाभार्थियों की पहचान करना संभव है। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर और आधार-लिंक्ड प्रणालियों ने यह क्षमता बढ़ाई है कि सहायता सही हाथों तक पहुंचे। ऐसे में सभी को मुफ्त की नीति प्रशासनिक सुविधा का बहाना तो हो सकती है, आर्थिक विवेक का नहीं। समस्या यह है कि एक बार मुफ्त योजना शुरू हो जाए तो उसे वापस लेना राजनीतिक रूप से बेहद कठिन हो जाता है। परिणामस्वरूप राजकोषीय बोझ बढ़ता जाता है और भविष्य की पीढ़ियों पर कर्ज का दबाव बढ़ता है। संतुलन ही समाधान है, न कठोर कटौती, न असीमित उदारता। सरकारों को लोकप्रियता से अधिक प्राथमिकता वित्तीय अनुशासन और समावेशी विकास को देनी होगी। तभी सरकारी मदद वास्तव में उन तक पहुंचेगी, जिन्हें उसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।



कूटनीति
अरविंद जयतिलक

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो की भारत यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग समेत कई अहम मुद्दों पर सहमति रेखांकित करता है कि दोनों देश संबंधों की ऊंची उड़ान भरने को तैयार हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के हर रूप-स्वरूप को जड़ से मिटाने की वकालत के साथ यूक्रेन, मध्य-पूर्व, और इंडो-पैसेफिक क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के परिप्रेक्ष्य में कंधा जोड़ने की प्रतिबद्धता जाहिर की है। दोनों देशों ने 21 अहम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें रिमोटली एच-125 हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन की शुरुआत बेहद महत्वपूर्ण है।

# सामरिक संबंधों को धार देते भारत-फ्रांस

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो की भारत यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग समेत कई अहम मुद्दों पर सहमति रेखांकित करता है कि दोनों देश संबंधों की ऊंची उड़ान भरने को तैयार हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के हर रूप-स्वरूप को जड़ से मिटाने की वकालत के साथ यूक्रेन, मध्य-पूर्व, और इंडो-पैसेफिक क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के परिप्रेक्ष्य में कंधा जोड़ने की प्रतिबद्धता जाहिर की है। दोनों देशों ने 21 अहम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें रिमोटली एच-125 हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन की शुरुआत बेहद महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में एच-125 हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन शुरू की गई है।

एच-125 इतिहास का एकमात्र हेलीकॉप्टर है जो माउंट एवरेस्ट की चोटी पर उतर चुका है। ध्यान देना होगा कि 'मेड इन इंडिया' एच-125 हेलीकॉप्टर मात्र सिविल हेलीकॉप्टर नहीं है, बल्कि यह भारतीय सेनाओं की जरूरतें भी पूरी करेगा। इससे भारत की सामरिक रक्षा पंक्ति मजबूत होगी। इसके अलावा फ्रांस की साफरान और भारत की 'भारत इलेक्ट्रानिक लिमिटेड' मिलकर भारत में ही हैमर मिसाइल बनाएंगे। गौर करें तो दोनों देशों के बीच राफेल लड़ाकू विमानों से लेकर पनडुब्बियों तक रक्षा सहयोग का लगातार विस्तार हो रहा है। अभी गत वर्ष ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस यात्रा हुई थी, तब दोनों देशों के बीच डिफेंस, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी और स्पेस सेक्टर में मिलकर काम करने पर सहमति बनी। दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी और टेक्नोलॉजी को नई धार देने के निमित्त एआई (आटिफिशियल इंटेलिजेंस) पर अलग से बयान जारी करते हुए वर्ष 2026 को 'इंडो-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन' घोषित किया। तब दोनों देशों ने स्कॉर्पीन सबमरीन निर्माण, मिसाइल हेलिकॉप्टर, जेट इंजन, एडवांस मॉड्यूल रिएक्टर, परमाणु उर्जा एवं शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर काम करने के अलावा एकदूसरे को सहयोग करने का भरोसा दिया। मैक्रो की भारत यात्रा ने एक बार फिर रेखांकित किया है कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में दोनों देश विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों के जरिए एक-दूसरे का स्वर बनने को तैयार हैं। विगत कुछ वर्षों के दरम्यान दोनों देशों की सामरिक-आर्थिक क्षेत्र को ऐतिहासिक मजबूती मिली है। इस समय दोनों देश रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। गत वर्ष पहले ही दोनों देशों के बीच डिफेंस स्पेस पार्टनरशिप, सैटेलाइट लांच के लिए नए स्पेस इंडियन लिमिटेड और एरियन स्पेस के बीच एमओयू हुए। टाटा और एयरबस स्थानीय कंपनी के साथ मिलकर 125 हेलीकॉप्टर बनाने पर सहमति बनी। गौर करें तो रक्षा सहयोग दोनों देशों के संबंधों का आधार है। याद होगा कि गत वर्ष पहले प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस को 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत का महत्वपूर्ण साझीदार बताते हुए सुनिश्चित किया था कि दोनों देश पनडुब्बी हो या नौसैनिक विमान, सभी क्षेत्र में मिलकर काम करने को तैयार हैं। तब दोनों देश 'भारत-फ्रांस हिंद-प्रशांत रोडमैप' जारी करते हुए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक संतुलित और स्थिर व्यवस्था बनाने पर सहमति जाहिर की थी। गौरतलब है



कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रीयूनियन द्वीप, न्यूकैलेडोनिया और फ्रेंच पोलिनेशिया जैसे क्षेत्रों में व्यापक उपस्थिति है। इस पहल से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती दादागिरी पर रोक लगेगी। दोनों देशों के बीच कितने मधुर संबंध हैं इसी से समझा जा सकता है कि फ्रांस प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश का सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' से सम्मानित कर चुका है। याद होगा जब 1998 में भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था, तब उससे नाराज होकर दुनिया के ताकतवर मुल्क अमेरिका ने भारत पर प्रतिबंध थोपा था। तब फ्रांस ने भारत के साथ कंधा जोड़ते हुए रणनीतिक समझौते को व्यापक आयाम दिया। फ्रांस लगातार भारतीय सेना को लड़ाकू जेट व पनडुब्बियों समेत साजो-सामान की आपूर्ति कर रहा है। 2018 के बाद से फ्रांस भारत का दूसरा सबसे बड़ा रक्षा आपूर्तिकर्ता देश बन चुका है। मौजूदा समय में भारत अपनी कुल रक्षा आयात का तकरीबन 29 फीसदी फ्रांस से करता है।

दोनों देशों के बीच बढ़ती निकटता ने कारोबारी, रणनीतिक और सामरिक कुटनीति को नए क्षितिज पर पहुंचा दिया है। दोनों देश एक-दूसरे के सैनिक अड्डे का इस्तेमाल और वहां अपने युद्धपोत रखने के अलावा ऊर्जा, तस्करी, आव्रजन, शिक्षा, रेलवे, पर्यावरण, परमाणु, आतंकवाद और अंतरिक्ष मामलों में मिलकर काम कर रहे हैं। दोनों देशों के बीच यूपीआई को लेकर भी सहमति बन चुकी है। विगत 25 वर्षों के दरम्यान दोनों देशों के बीच साझेदारी और समझदारी का ही परिणाम है कि आज भारत में विदेशी निवेश के लिहाज से फ्रांस तीसरा सबसे बड़ा निवेशक देश बन चुका है। भारत में 1000 से अधिक फ्रांस की कंपनियां काम कर रही हैं और सभी कंपनियों का संयुक्त टर्नओवर तकरीबन 30 अरब डॉलर से अधिक है। विगत ढाई दशकों में भारत-फ्रांस संबंध को एक नया आयाम मिला है और दोनों देश राजनीतिक, आर्थिक व सामरिक संबंधों में बेहतरी के लिए गंभीर प्रयास किए हैं।


फ्रांस के नेतृत्व के दृष्टिकोण में बदलाव के साथ-साथ कुछ द्विपक्षीय बाध्यताओं ने भी दोनों देशों को एक-दूसरे के निकट लाया है। यह तथ्य है कि चीन युद्ध के बाद भारत न केवल महाशक्तियों अपितु अफ्रीका व एशियाई देशों से भी अलग-थलग पड़ गया था। भारत को एक ऐसे देश के प्रति आकृष्ट होना स्वाभाविक था जिससे उसका कोई क्षेत्रीय विवाद न रहा हो। इसके अलावा 1962 में भारत व फ्रांस के बीच क्षेत्रों के हस्तांतरण संबंधी संधि के अनुमोदन ने दोनों देशों के संबंधों में मिठास घोली। तथ्य यह भी कि फ्रांस सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारतीय प्रयास का समर्थन करने वाले प्रथम देशों में से एक था। वह आज भी अपने पुराने रुख पर कायम है। दरअसल, दोनों देशों के राजनीतिक नेतृत्व में कई द्विपक्षीय तथा अंतरराष्ट्रीय विषयों के संबंध में समान सोच है। हालांकि विदेश नीति के विरोधी अभिमुखन के कारण दोनों देशों ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति के मुद्दों पर कई बार विरोधी रुख भी अपनाए हैं। 1973 में फ्रांस के तत्कालीन अर्थव्यवस्था एवं वित्तमंत्री वेलेरी जिसकार्ड जो बाद में फ्रांस के राष्ट्रपति भी बने, की पहल पर 'भारत-फ्रांस अध्ययन समूह' की स्थापना हुई।

इस समूह की पहली बैठक फरवरी 1974 में फ्रांस में हुई तथा दूसरी बैठक मार्च 1975 में नई दिल्ली में हुई। इस समूह की सलाह पर दोनों देशों के मध्य समुद्री तेल उत्खनन, शक्ति उत्पादन व वितरण, कोयला उत्खनन व प्रयोग तथा तीसरे देश में संयुक्त उद्यम स्थापित करने संबंधित कई अहम समझौते पर हस्ताक्षर हुए। सबसे महत्वपूर्ण बात जो दोनों देशों के व्यापार में अहम है वह यह कि 1994 के बाद व्यापार संतुलन हमेशा भारत के पक्ष में बना हुआ है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

रोबोडॉग विवाद
महेन्द्र तिवारी




# तकनीक, पारदर्शिता व प्रतिष्ठा का टकराव

तकनीकी उपलब्धियों के इस युग में जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता को भविष्य की दिशा तय करने वाली शक्ति माना जा रहा है, तब सार्वजनिक मंचों पर प्रस्तुत किए जाने वाले दावों की विश्वसनीयता और पारदर्शिता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में सामने आया रोबोडॉग विवाद इसी तथ्य को रेखांकित करता है कि तकनीक केवल प्रदर्शन की वस्तु नहीं है, बल्कि यह भरोसे, प्रतिष्ठा और जिम्मेदारी से भी जुड़ी होती है। इस घटना ने कुछ ही दिनों में अकादमिक जगत, सोशल मीडिया और राजनीतिक विमर्श में ऐसी हलचल पैदा कर दी, जिसने स्वदेशी नवाचार, संस्थागत नैतिकता और वैज्ञानिक संचार की प्रकृति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। समिट का उद्देश्य देश की उभरती कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षमता को प्रदर्शित करना और शोध संस्थानों, उद्योगों तथा नीति-निर्माताओं को एक साझा मंच देना था। इसी मंच पर एक निजी विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत रोबोटिक डॉग को आरंभ में तकनीकी उपलब्धि के रूप में प्रचारित किया गया। प्रदर्शन के दौरान रोबोट की गतिशीलता, संतुलन, निगरानी क्षमता और मनोरंजक क्रियाएं दर्शकों को आकर्षित कर रही थीं। एक साक्षात्कार में इसे संस्थान की एआई पहलों से जोड़कर प्रस्तुत किया गया, जिससे आम दर्शकों के बीच यह धारणा बनी कि यह स्वदेशी प्रयास का परिणाम है। डिजिटल युग में सूचना की जांच-पड़ताल बहुत तेज़ी से होती है। वीडियो और तस्वीरें सामने आने के बाद तकनीकी समुदाय के कुछ लोगों ने इसकी पहचान एक विदेशी व्यावसायिक मॉडल के रूप में कर ली, जिसके बाद आलोचना का सिलसिला शुरू हुआ। सोशल मीडिया ने इस विवाद को असाधारण गति प्रदान की। कुछ ही घंटों में यह विषय मीम्स, टिप्पणियों और राजनीतिक प्रतिक्रियाओं का केंद्र बन गया। इस प्रतिक्रिया में तकनीकी जागरूकता और भावनात्मक राष्ट्रवाद दोनों का मिश्रण दिखाई दिया। कई लोगों ने इसे स्वदेशी तकनीक के नाम पर भ्रम फैलाने का उदाहरण बताया, जबकि कुछ ने इसे महज़ संचार की त्रुटि या अतिशयोक्ति मानकर संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की अपील की। डिजिटल प्लेटफॉर्म की यही विशेषता है कि वह किसी घटना को तथ्यात्मक चर्चा से अधिक प्रतीकात्मक अर्थ दे देता है। रोबोडॉग का मामला भी केवल एक उपकरण का प्रश्न नहीं, बल्कि यह देश की तकनीकी छवि और आत्मनिर्भरता की अवधारणा से जुड़ गया। विवाद बढ़ने पर आयोजकों और संबंधित मंत्रालय की प्रतिक्रिया भी सामने आई। आधिकारिक संकेतों में स्पष्ट किया गया कि सार्वजनिक मंचों पर प्रदर्शित जानकारी का सत्यापन आवश्यक है और गलतफहमी पैदा करने वाली प्रस्तुति स्वीकार्य नहीं है। इसके बाद संस्थान को अपना स्टॉल हटाने का निर्देश दिया गया, जिसने इस प्रकरण को और गंभीर बना दिया। यह कार्रवाई एक प्रकार से संदेश थी कि तकनीकी प्रदर्शन केवल प्रचार का साधन नहीं हो सकता; उसमें प्रमाणिकता का मानक अनिवार्य है। यह पक्ष हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि आधुनिक विज्ञान संचार में शब्दों का चयन कितना महत्वपूर्ण होता है। एक सार्वजनिक प्रस्तुति में अस्पष्ट भाषा या उत्साह में किया गया बयान व्यापक गलतफहमी को जन्म दे सकता है, जिसका परिणाम प्रतिष्ठा पर दीर्घकालिक प्रभाव के रूप में सामने आता है। इस घटना का तकनीकी पहलू भी ध्यान देने योग्य है। विदेशी निर्मित रोबोटिक प्लेटफॉर्म का प्रयोग अनुसंधान या प्रशिक्षण के लिए असामान्य नहीं है। विश्व भर में विश्वविद्यालय और प्रयोगशालाएं ऐसे उपकरण खरीदकर उन पर प्रयोग करते हैं, कोड विकसित करते हैं और नई क्षमताओं का परीक्षण करते हैं। ज्ञान का आदान-प्रदान विज्ञान की मूल प्रकृति है। समस्या तब उत्पन्न होती है, जब प्रस्तुति और वास्तविकता के बीच दूरी बन जाती है। यही दूरी आलोचना का कारण बनी। इस विवाद ने यह भी स्पष्ट किया कि आयातित तकनीक पर काम करना और उसे स्वयं विकसित बताना दो भिन्न बातें हैं, जिनके बीच पारदर्शिता आवश्यक है। अंततः रोबोडॉग विवाद को केवल एक नकारात्मक घटना के रूप में देखना अधूरा दृष्टिकोण होगा। इसे एक ऐसे क्षण के रूप में देखा जा सकता है जिसने देश में तकनीकी विमर्श को अधिक गंभीर और आत्मविश्लेषी बनाया। प्रगति का मार्ग केवल उपलब्धियों से नहीं, बल्कि उनसे उत्पन्न विवादों और उनसे सीखे गए पाठों से भी बनता है। पारदर्शिता, संवाद और जिम्मेदारी यदि वैज्ञानिक संस्कृति का हिस्सा बनें, तो ऐसी घटनाएं भविष्य में बेहतर मानकों की स्थापना का कारण बन सकती हैं। यही इस पूरे प्रकरण का सबसे महत्वपूर्ण संदेश है कि तकनीक का विकास केवल मशीनों का विकास नहीं, बल्कि विश्वास और उत्तरदायित्व का विकास भी है।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# जीवन का मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज



संकलित
दर्शन

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है। जब हम अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करते हैं तो अंतरात्मा से हमारा संपर्क कमजोर हो जाता है।

# ऐसे काम न करें, जिनसे समाज में गलत संदेश जाए



संकलित
प्रेरणा

परमहंस जी अपने शिष्यों को नियमित रूप से उपदेश दिया करते थे। एक दिन जब वे उपदेश दे रहे थे, उस समय एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आम लोग तो सभी सुख-सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, लेकिन साधु-संतों के लिए इतने कठोर नियम क्यों हैं? परमहंस जी ने शिष्य से कहा कि हमें ऐसे काम करना चाहिए, जिनसे समाज को अच्छा संदेश मिलता है। ये बात साधु-संतों को खासतौर पर ध्यान रखनी चाहिए। आम लोग तो समाज में रहकर अनुशासन के साथ सभी काम कर सकते हैं, लेकिन साधु-संत को हर हाल में गलत कामों से दूर ही रहना चाहिए। साधु-संतों को धन का संग्रह नहीं करना चाहिए, सुख-सुविधा पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, संत को क्रोध से भी बचना चाहिए। तभी वे समाज को अच्छा संदेश दे सकते हैं। शिष्य ने फिर पूछा कि साधु-संतों के लिए ही इतने कठिन नियम क्यों हैं? जबकि वे भी इसी समाज का हिस्सा हैं। परमहंस जी ने शिष्य को समझाया कि त्याग का संदेश साधु-संत नहीं देंगे तो और कौन दे सकता है। साधु-संत अपने ज्ञान और कर्म से समाज को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देते हैं। साधु-संत हमें बताते हैं कि हमें किसी भी चीज का मोह नहीं रखना चाहिए, त्याग की भावना रखेंगे तो कभी दुखी नहीं होना पड़ेगा। परमहंस जी ने साधु-संतों के माध्यम से संदेश दिया है कि अगर हम घर-परिवार और समाज को बेहतर बनाना चाहते हैं तो हमें इसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए।

सटाका




आज की पाती

## मोटापा सेहत का दुश्मन

हमारे देश के लोगों में मोटापा बढ़ता जा रहा है। इससे जानलेवा बीमारियों के बढ़ने का खतरा ज्यादा होता है। आज हमने अपनी जीवनशैली और खानपान की आदतों को बिगाड़ कर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ करना शुरू कर दिया है। मोटापा भी कुदरत के विरुद्ध खानपान और जीवनशैली अपनाने से बढ़ता है। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और हमारे देश की सरकारें, स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन बहुत से अभियान चलाते हैं। योग गुरु भी इसके लिए काम करते हैं, लेकिन हम उनकी बातों की तरफ ध्यान नहीं देते हैं और फिर गलत खानपान और जीवनशैली अपना कर अपना स्वास्थ्य खराब कर लेते हैं। कुछ लोगों ने अपने खानपान और जीवनशैली की आदत को बिगाड़ कर अपने स्वास्थ्य को खराब करने का काम किया है। *– ललित वाधवानी, भाटापारा*

करंट अफेयर

# सूडान की तबाही में 'नरसंहार के स्पष्ट संकेत' दिखे : संरा



संयुक्त राष्ट्र समर्थित मानवाधिकार विशेषज्ञों ने बृहस्पतिवार को कहा कि सूडान के पश्चिमी क्षेत्र दारफुर के एक शहर और उसके आसपास के इलाकों में गैर-अरब समुदायों के खिलाफ सूडानी विद्रोहियों द्वारा अक्टूबर में चलाए गए अभियान में नरसंहार के संकेत दिखाई देते हैं। यह देश में जारी विनाशकारी युद्ध को लेकर एक चौंकाने वाला निष्कर्ष है। सूडान पर एक स्वतंत्र तथ्यान्वेषी मिशन की रिपोर्ट के अनुसार, रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) ने अल-फशेर में 18 महीने की घेराबंदी के बाद बड़े पैमाने पर हत्याएं और अन्य अत्याचार किए। इसके अनुसार, इस दौरान रैपिड सपोर्ट फोर्सेज ने गैर-अरब समुदायों, विशेष रूप से जघावा और फुर समुदायों को नुकसान पहुंचाने के लिए सोची-समझी शर्तें लागू कीं। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों का कहना है कि दारफुर में सूडानी सेना के एकमात्र बचे गढ़ अल-फशेर पर आरएसएफ के कब्जे के दौरान कई हजार नागरिक मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि शहर के 260,000 निवासियों में से केवल 40 प्रतिशत ही हमले से बचकर निकलने में कामयाब रहे। उनमें से हजारों घायल हो गए। उन्होंने बताया कि बाकी बचे लोगों का क्या हुआ, यह अभी तक पता नहीं चल पाया है।

ऑफ बीट

# एआई का इस्तेमाल कब न करें, यह जानना भी जरूरी




कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रशिक्षण में आमतौर पर इस बात पर जोर दिया जाता है कि बेहतर परिणाम कैसे हासिल किए जाएं—बेहतर प्रॉम्प्ट कैसे लिखें, प्रश्न को कैसे परिष्कृत करें और सामग्री को अधिक तेजी से कैसे तैयार करें। इस दृष्टिकोण के संदर्भ में एआई को केवल उत्पादकता बढ़ाने वाले औजार के रूप में देखा जाता है और सफलता को गति से मापा जाता है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि यह सोच अधूरी है। आलोचनात्मक एआई साक्षरता अलग प्रश्न उठाती है। इसमें मैं इसका उपयोग कैसे करूं? के बजाय क्या मुझे इसका उपयोग करना भी चाहिए? और इसे तेज कैसे बनाऊं? के बजाय इस प्रक्रिया में मैं क्या खो रहा हूं? के बारे में जानना बेहद जरूरी है। एआई प्रणालियां उन पूर्वाग्रहों को साथ लेकर चलती हैं, जिन्हें अधिकतर उपयोगकर्ता देख नहीं पाते। वर्ष 2025 में 'ब्रिटिश न्यूज़पेपर आर्काइव' पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि डिजिटल व्यवस्था वाले विक्टोरियनकालीन अखबार वास्तव में प्रकाशित सामग्री के 20 प्रतिशत से भी कम का प्रतिनिधित्व करते हैं। उपलब्ध नमूना राजनीतिक प्रकाशनों की ओर झुकाव रखता है और स्वतंत्र आवाज़ों को कम दर्शाता है। ऐसे में यदि कोई शोधकर्ता इसी आधार पर विक्टोरियन समाज के बारे में निष्कर्ष निकाले, तो वह अभिलेखागार में निहित विकृतियों को दोहरा सकता है।

X ट्रेंड

## एआई -सक्षम शासन



नई दिल्ली में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में राजस्थान के हमारे स्टार्टअप्स और डेटा-संचालित गवर्नेंस मॉडल को वैश्विक मंच मिल रहा है। दिग्गज कंपनियों के साथ हमारी टीम की चर्चा राज्य में एआई -सक्षम शासन और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर की नई राहें खोलेगी।
**- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान**

## नौकरियों में पारदर्शिता



अगले कार्यकाल में हमारी सरकार केवल शिक्षा विभाग में ही 50,000+ युवाओं की नियुक्ति करेगी। सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता और गति का जो बड़ा बदलाव आया है, वह आगे भी जारी रहेगा।
**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

## सांस्कृतिक असंवेदनशीलता



हमारे प्रधानमंत्री ने बंगाल की महान हस्तियों के प्रति अपनी सांस्कृतिक असंवेदनशीलता का प्रदर्शन किया है। आज श्री श्री रामकृष्ण परमहंसदेव का सम्मान करते हुए उनके नाम के आगे अभूतपूर्व और अनुचित उपसर्ग "स्वामी" जोड़ दिया!
**- ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल**

## किसान हितों की अनदेखी



अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में भारत के कृषि क्षेत्र और ऊर्जा सुरक्षा/ रणनीतिक स्वतंत्रता से संबंधित व्यापार को शामिल करना साफ दर्शाता है कि केंद्र सरकार ने अमेरिका के दबाव में आकर अपने घुटने टेक दिए हैं। इसमें किसानों के दूरगामी हितों की अनदेखी की गई है।
**- सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

भूपेन की दो टूक और कटु टिप्पणी

# राहुल अपमानित महसूस कर रहे तो मेरे अपमान का क्या मोल?

## असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोरा बोले- ऐसा अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकते

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन बोरा ने गुरुवार को कहा कि जब उन्होंने पार्टी में अपने अपमान का मुद्दा राहुल गांधी के साथ उठाया, तो राहुल गांधी ने उनसे कहा कि उन्हें भी अपमानित महसूस होता है। असम में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को सोमवार को तब एक झटका लगा जब बोरा ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि वह इस तरह का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकते। बोरा के 22 फरवरी को भाजपा में शामिल होने की संभावना है। बोरा ने राहुल द्वारा उन्हें फोन करने पर दोनों के बीच हुई बातचीत का उल्लेख करते हुए कहा कि मैंने राहुल से कहा था कि मैं पार्टी में अपमानित महसूस कर रहा हूं और फिर उन्होंने कहा कि उन्हें भी अपमानित महसूस हो रहा है तो फिर मेरे अपमान का क्या मूल्य है? मैं इतना अपमान सहन नहीं कर सकता, क्योंकि मुझमें इतनी क्षमता नहीं है।

### गोगोई जी...अत्याधुनिक स्टेडियम बनाने के लिए 50 करोड़ रुपए नाकाफी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई के उस आरोप पर कि उन्होंने भाजपा में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से 50 करोड़ रुपए लिए हैं, बोरा ने कहा कि अगर उन्हें पैसे की पेशकश की जाती है, तो वे इसे मीडिया के सामने स्वीकार कर लेंगे। मेरे पिता का स्टेडियम सपना इतनी सी रकम में पूरा नहीं होने वाला है।


भूपेन बोरा


राहुल गांधी

### गोगोई ने गठबंधन इसलिए तोड़ा कि वे सीएम नहीं बन पाएंगे

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपनी पार्टी के केंद्रीय नेताओं से बात की है और फिर मुझे भाजपा में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इस्तीफे के बाद अब मैं कहीं भी सक्रिय नहीं हूं, इसलिए मैंने भाजपा में शामिल होने के लिए सहमति दे दी। उन्होंने दोहराया कि उस दिन की मुलाकात के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ किसी भी राजनीतिक मुद्दे पर चर्चा नहीं की।

**गोगोई को गठबंधन से अपने अस्तित्व का खतरा**

उन्होंने कहा कि जब मुझे 9 फरवरी को गठबंधन को फिर से आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई थी, तो बातचीत में धुबरी सांसद रकीबुल हुसैन को शामिल करने का क्या मतलब था? गोगोई को शायद लगा कि अगर गठबंधन हो जाता है, तो भूपेन सब कुछ सौहार्दपूर्ण ढंग से करेंगे और उसे प्रियंका गांधी वाद्रा के सामने रखेंगे, जिससे उनके अस्तित्व को खतरा होगा।

### मैंने ही 16 दलों को एकजुट किया

बोरा ने आरोप लगाया कि नागांव के सांसद प्रद्युत बारदोलोई और विधानसभा में विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया को भी पार्टी में अपमानित किया गया, लेकिन अब गोगोई 'उनके घावों को भरने की कोशिश करेंगे। बोरा ने कहा कि जब उन्होंने 2021 में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पदभार संभाला था, तब स्थिति बहुत गंभीर थी,तब मैंने 16 विपक्षी दलों का गठबंधन बनाने की पहल की थी।

स्पीकर के एआई वीडियो पर बवाल

## कांग्रेस मीडिया सेल नोटिस का तीन दिन में दे जवाब वरना होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के एआई वीडियो के आरोप में विशेषाधिकार विभाग ने कांग्रेस मीडिया सेल को नोटिस जारी किया है। नोटिस सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने दिया है। नोटिस में 3 दिन में नेताओं के अपना जवाब देने का निर्देश दिया गया है, अन्यथा अवमानना, विशेषाधिकार उल्लंघन की कार्रवाई होगी। वीडियो में राहुल की प्रशंसा करते दिखाया गया था कि 'भाजपा डूब जाएगी'।


विष्णुदत्त शर्मा


सुप्रिया श्रीनेत

### कांग्रेस पर आरोप

इन नेताओं पर एक्स पर स्पीकर का अपमानजनक कैरिकेचर और एआई वीडियो प्रसारित कर सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाने का गंभीर आरोप है। शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के मीडिया विभाग ने जानबूझकर ऐसा किया।

## खबर संक्षेप


### अनिल को 26 को पूछताछ के लिए बुलाया

**नई दिल्ली।** ईडी ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी को नया समन जारी किया है। इस हफ्ते बयान देने के लिए नहीं आने की वजह से उन्हें 26 फरवरी को फिर पूछताछ के लिए बुलाया गया है। उनकी पत्नी टीना अंबानी ने भी दो बार सुनवाई टाली है। टीना अंबानी को 10 फरवरी और 17 फरवरी को ईडी के सामने पेश होना था। बयान दर्ज करने के लिए बुलाया है।



### शिवनेरी किले में अफरा तफरी, कई लोग घायल

**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर आज पूरा महाराष्ट्र 'जय भवानी, जय शिवाजी' के नारों से गूंज रहा है। पुणे जिले में उत्साह और श्रद्धा के माहौल के बीच एक दुखद घटना सामने आई है। जुन्नर स्थित शिवनेरी किला बुधवार, 19 फरवरी को श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ था। इसी दौरानभीड़ के दबाव में भगदड़ के हालात बन गए।



### पिता ने की पत्नी और 2 बच्चों की हत्या

**जालौर।** राजस्थान के जालौर जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और दो मासूम बच्चों की गला काटकर हत्या कर दी। यह वारदात बुधवार देर रात की है। यह घटना भीनमाल थाना क्षेत्र के दासपा गांव में हुई। आरोपी की पहचान 40 वर्षीय मंगला राम पुरोहित के रूप में हुई है, जो पेशे से किसान है।



### दिल्ली को मिली 24 अटल कैंटीन की सौगात

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को राजधानी में 24 नई 'अटल कैंटीनों' की शुरुआत की। कृष्णा नगर की नर्सरी बस्ती से डिजिटल तरीके से इन कैंटीनों का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही दिल्ली में अटल कैंटीनों की कुल संख्या बढ़कर 70 हो गई। इनकी संख्या 100 करने का लक्ष्य रखा है।



### वंदे भारत पर पथराव से दो शीशे टूटे

**मेरठ।** वाराणसी से मेरठ जा रही वंदेभारत एक्सप्रेस की बोगी के 2 शीशे टूट जाने से सनसनी फैल गई। बताया जा रहा ट्रेन में संघ प्रमुख मोहन भागवत भी सवार थे। जांच में पता चला कि रेलवे ट्रैक के किनारे कुछ बच्चे खेल रहे थे। इन्हीं में से कुछ बच्चों ने पत्थर चलाए, जिनसे ट्रेन के शीशे टूट गए। गुरुवार शाम लगभग 3:30 बजे यह ट्रेन मुरादाबाद की तरफ जा रही थी।



## आईपैक विवाद में ईडी का सुप्रीम कोर्ट में विस्फोटक हलफनामा

# ममता सरकार पर लगाए सबूतों से छेड़छाड़ के गंभीर आरोप, सीबीआई जांच की मांग

ईडी ने ममता पर निशाना साधते हुए आरोप लगाए कि डिजिटल साक्ष्यों से छेड़छाड़ हुई है। हलफनामे में सुप्रीम कोर्ट से कहा कि बंगाल में 'कानूनहीनता' है। निष्पक्ष जांच को मामलै सीबीआई को सौंपे

### *आईपीएसी दफ्तर से हटाया गया सीसीटीवी स्टोरेज*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बंगाल चुनाव से पहले सियासी पारा बढ़ता नज़र आ रहा है। बंगाल में हुई आईपैक रेड विवाद में सुप्रीम कोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने हलफनामा दाखिल कर दिया है। इस एफिडेविट में पश्चिम बंगाल सरकार और मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। एजेंसी का दावा है कि जांच में रुकावट डालने के लिए प्रभाव, पावर और जेड प्लस सिक्यॉरिटी का गलत इस्तेमाल किया गया। ईडी ने सीधे ममता पर निशाना साधते हुए आरोप लगाए हैं कि डिजिटल साक्ष्यों से छेड़छाड़ हुई है। ईडी ने हलफनामे में सुप्रीम कोर्ट से कहा कि पश्चिम बंगाल में 'कानूनहीनता ' है और निष्पक्ष जांच के लिए इस मामले को सीबीआई को सौंपा जाए। डिजिटल साक्ष्यों को लेकर ईडी ने सबसे बड़ा आरोप ममता सरकार पर लगाया है। हलफनामे में ईडी ने कहा है कि आईपैक के दफ्तर में कंप्यूटर डेटा का बैकअप लेने से रोका गया। सीसीटीवी स्टोरेज के डिवाइस हटा दिए गए। और जांच से पहले ही रिकॉर्ड्स से छेड़छाड़ की गई। एजेंसी ने आरोप लगाए हैं कि यह केवल प्रशासनिक चूक नहीं बल्कि योजनाबद्ध तरीके से साक्ष्यों को नष्ट करने की कोशिश है और यह गंभीर अपराध है।

**जांच में बाधा डालने हर हथकंडे अपनाए**

प्रभाव, पावर और जेड प्लस सिक्यॉरिटी का गलत इस्तेमाल किया


छापेमारी के दौरान खास फाइल ले जातीं सीएम ममता बेनर्जी

**सीएम की सुरक्षा से बनाया गया दबाव**

ईडी नेआरोप लगाया है कि सीएम ममत की जेड प्लस सिक्यॉरिटी का इस्तेमाल करके जांच एजेंसियों और गवाहों पर दबाव बनाया गया। ईडी ने सवाल किया कि ज़ेड प्लस सुरक्षा किसी व्यक्ति की जानमाल की सिक्यॉरिटी के लिए दी जाती है। अगर इसका इस्तेमाल जांच पर असर डालने या एजेंसियों को डराने-धमकाने के लिए हो तो यह इस पद के दुरुपयोग है।

### बंगाल में कानून का राज खत्म

ईडी ने कहा कि बंगाल में कानूनहीनता है। और अपील की निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई को जिम्मेदारी सौंपी जाए क्योंकि स्थानीय पुलिस पर भरोसा हीं किया जा सकता। यह संवैधानिक शासन के क्षरण का मामला है। कानून का राज नहीं है।

### पुलिस और सरकार के विरोधाभास का जिक्र

हलफनामे में दी गई जानकारी के अनुसार ईडी ने राज्य सरकार और पुलिस कमिश्नर के विरोधाभास का जिक्र किया है। ईडी का कहना है कि सभी ने आईपैक के ऑफस पर पुलिस के पहुंचने का वक्त अलग-अलग बताया है। जिस एक पुलिसकर्मी शकील के घायल होने का दावा किया गया, उसके किसी तरह के मेडिकल रिकॉर्ड भी पेश नहीं किए गए। रेड की जानकारी देने वाले ईडी के मेल को पढ़ने को लेकर भी अलग-अलग समय बताया गया है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल पुलिस ने ईडी के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर को लेकर अलग-अलग वजहों का जिक्र किया है।

### कोलकाता में आईपीएसी से जुड़ी थी रेड

हलफनामे में साफ किया है कि कोलकाता में की गई रेड आईपीएसी से जुड़ी थी। यह रेड टीएमसी से जुड़े किसी डेटा को लेकर नहीं थी। आईपैक पर कोल स्मगलिंग के तहत हवाला के 20 करोड़ (प्रोसीड ऑफ क्राइम) मिलने से जुड़ा हुआ है। ईडी ने कहा कि इस मामले में सरकारी काम में बाधा डालने, साक्ष्यों की चोरी, ट्रेस पासिंग, अधिकारों का दुरुपयोग है। जैसे अपराधों में मुकदमा दर्ज

### 13.50 करोड़ का लोन की भी चर्चा

जब से आईपैक कंपनी पर छापा पड़ा है, टीएमसी और भाजपा के बीच में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। अब आईपैक कंपनी को लेकर भी कई खुलासे हो रहे हैं। चर्चा है कि एक कंपनी से 2021 में आईपैक को 13.50 करोड़ का लोन जरूर मिला था, लेकिन वो कंपनी आधिकारिक रिकॉर्ड्स में कभी थी ही नहीं।

### हाईकोर्ट ने 42 विधायकों को भेजा नोटिस

## नामांकन में 'सही तथ्य' छिपाने का आरोप,पक्ष-विपक्ष के नेता शामिल

उम्मीदवारी के समय सही जानकारी नहीं देने का आरोप




एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा के 42 विधायकों को पटना हाईकोर्ट ने नोटिस भेजा है। इनमें पक्ष और विपक्ष दोनों के विधायक शामिल हैं। आरोप है कि इन लोगों ने नामांकन के दौरान जो शपथ पत्र भरे थे, उनमें कई तथ्य छिपाए। कुछ विधायकों पर वोटिंग प्रक्रिया में अनियमितता का भी आरोप लगाया गया है। कुछ माह पहले चुनाव हारने वालों प्रत्याशियों ने अलग-अलग याचिकाएं दायर की थीं, जिन पर कोर्ट ने अलग-अलग सुनवाई करते हुए लिखित जवाब देने को कहा है। हाईकोर्ट में यह एकमुश्त किसी मामले की सुनवाई के दौरान फैसला नहीं आया है या नोटिस जारी नहीं किया गया है। इसमें खास यह भी है कि कई मामलों में विधानसभा चुनाव जीतने वालों के साथ-साथ हारे प्रत्याशियों को भी कठघरे में रखा गया है। औराई विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुनी गईं रमा निषाद के खिलाफ जो मामला दर्ज हुआ था।

### सूची में इन नेताओं का भी नाम

चौंकाने वाली बात यह है कि सूची में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार का भी नाम है। इनके अलावा मंत्री विजेंद्र यादव, पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा, जदयू विधायक चेतन आनंद, राजद विधायक अमरेंद्र प्रसाद समेत 42 विधायक शामिल हैं। कोर्ट की ओर से कहा गया है कि नामांकन के दौरान दाखिल किया गया शपथपत्र लोकतांत्रिक व्यवस्था का अहम हिस्सा है। वोटर्स को प्रत्याशियों की पृष्ठभूमि, संपत्ति और अन्य विवरणों की सही जानकारी मिलनी चाहिए। जानकारी गलत दी गई तो यह गंभीर बात है। सभी विधायक तय समय के अंदर अपना जवाब दें।

### कई हारे प्रत्याशी भी कठघरे में

उनकी याचिका में रमा निषाद के अलावा प्रत्याशियों- शिव शंकर गुप्ता, मो. आफताब आलम, भोगेंद्र सहनी और राधा रमण को भी आरोपी बनाया गया है।इसी तरह, दूसरे केस में- झंझारपुर विधानसभा सीट से जीतने वाले नीतीश मिश्रा के साथ हारने वाले प्रत्याशियों- कृष्ण कुमार साहू, अब्दुल इरफान, ओम प्रकाश पोद्दार, उमर आफताब अफसर, कृष्ण कुमार झा को भी इस चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे प्रत्याशी राम नारायण यादव ने आरोपी बनाया है।

सीएए पर 250 अन्य अर्जी भी दायर

# सीजेआई ने सुनवाई को तारीख तय की 5 मई से इस पर होगी लगातार सुनवाई

## 12 मई को याचिकाकर्ताओं को जवाब देने का मौका मिलेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ दायर विभिन्न याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट 5 मई से सुनवाई शुरू करेगा। सीजेआई सूर्यकांत ने दायर याचिकाओं पर सुनवाई के लिए तारीख तय की। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) सहित 250 अन्य ने सीएए कानून पर रोक की मांग को लेकर याचिका दायर की है। आईयूएमएल ने कहा है कि सीएए कानून असंवैधानिक और मुसलमानों के खिलाफ भेदभावपूर्ण है।

### दोनों पक्षों को पूरा मौका दिया जाएगा

**सीएए के खिलाफ दायर विभिन्न याचिकाओं पर फैसला**



याचिकाओं पर अब फाइनल सुनवाई 5 मई से शुरू करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 5 मई को याचिकाकर्ताओं की दलील सुनी जाएगी। 6 मई को आधा दिन उनकी बात जारी रहेगी। 7 मई को सरकार का पक्ष सुना जाएगा। 12 मई को अगर जरूरत हुई तो जवाब देने का मौका मिलेगा।

**असम त्रिपुरा पर अलग होगी सुनवाई**

कोर्ट ने कहा कि असम और त्रिपुरा से जुड़े मामले अलग हैं, इसलिए इनकी सुनवाई मुख्य मामले के बाद अलग से की जाएगी। कोर्ट का कहना है कि इन राज्यों से जुड़े मुद्दे अलग तरह के हैं, इसलिए उन्हें अलग सुनना सही रहेगा।

### असम में एसआईआर कराने के लिए दाखिल याचिका खारिज की

उच्चतम न्यायालय ने असम में एसआईआर कराने का निर्देश निर्वाचन आयोग को देने के अनुरोध वाली जनहित याचिका को सुनवाई करने से इनकार कर दिया। सीजेआई ,न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने निर्वाचन आयोग की इस दलील पर संज्ञान लिया कि असम में अंतिम मतदाता सूची तैयार हो चुकी है।

### गृह मंत्री शाह आज असम में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2 शुरू करेंगे

2028-29 तक 6,839 करोड़ होगा व्यय

## योजना से सीमांत गांवों का पूर्ण सतत विकास सुनिश्चित होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को असम में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम–2 लॉन्च करेंगे। यह प्रोग्राम सीमांत गांवों को मज़बूत बनाने और सीमावर्ती क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के प्रयासों में एक अहम पड़ाव होगा। यह एक केंद्रीय योजना है, जिसका व्यय वित्त वर्ष 2028-29 तक 6,839 करोड़ है। इसे 15 राज्यों और 2 केंद्रशासित प्रदेशों में लागू किया जाएगा। प्रोग्राम शुक्रवार को कछार ज़िले के नाथनपुर गांव में आधिकारिक रूप से लॉन्च किया जाएगा।



भाजपाध्यक्ष नबीन ने कहा

### असम के लोगों का यहां के संसाधनों पर हक, बांग्लादेशी घुसपैठियों का नहीं

**गुवाहाटी।** भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को कहा कि असम के संसाधनों पर अधिकार केवल असम की जनता का है, न कि बांग्लादेशी घुसपैठियों का। नबीन ने डिब्रूगढ़ के मनोहरी चाय बागान में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सीएम हिमंत विश्व सरमा ने लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए घुसपैठियों के खिलाफ उचित कदम उठाए हैं। घुसपैठियों को वापस भेजने की कार्रवाई कर रहे हैं।



## अविमुक्तेश्वरानंद ने उप मुख्यमंत्री पाठक पर कसा तंज

# 101 बटुकों का पूजन करने से नहीं धुलेगा मेले का पाप

### उन्होंने अपने पसंद के बटुक बुलाए और चंदन लगा दिया

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा 101 बटुकों को घर पर बुलाकर अंगवस्त्रम और तिलक लगाकर पैर छूकर सम्मान करने पर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि उन्होंने ये करके अपनी भावना दिखाई है और जताया कि जो प्रयागराज में हुआ वह पाप था उसको धोने के लिए मैं अपना प्रयास कर रहा हूं। इससे प्रयागराज में घटना का पाप नहीं धुल सकता है। 101 बटुकों पर पुष्पवर्षा कर और तिलक कर सम्मानित करना कोई कार्रवाई नहीं है, ये राजनीति है। जो वास्तविक पीड़ित है, जिस बटुक की चोटी खींची गई उसके पास जाते कि अपने पसंद के बटुक बुला लिए और चंदन लगा दिए। ये राजनीति नहीं है। 20 दिन का अल्टीमेटम 1 मार्च को पूरा होगा।

1 मार्च को पूरी होगी हमारी चेतावनी



### सैकड़ों लोग पार्टी छोड़ रहे

अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि गोरक्षा की मांग को लेकर 11 मार्च को लखनऊ में साधु- संतों और सनातनियों के साथ जाएंगे। भाजपा के 100 से ज्यादा कार्यकर्ता, पूर्व विधायक, पदाधिकारी रक्षा को लेकर प्रदेश सरकार की मनसा स्पष्ट न होने के कारण मेरे शरण में आ रहे हैं और पार्टी को भी छोड़ रहे हैं।

**गोमाता को 'राज्य माता' घोषित करो, नहीं तो**

अविमुक्तेश्वरानंद ने योगी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने गौ संरक्षण के मुद्दे पर खुली चुनौती दी है। शंकराचार्य ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे अपने समर्थकों के साथ लखनऊ की ओर प्रस्थान करेंगे।

### 20 दिन का समय शेष, 1 मार्च को अगली रणनीति

शंकराचार्य ने याद दिलाया कि उन्होंने सरकार को 40 दिन का समय दिया था, जिसमें से अब केवल 20 दिन शेष बचे हैं। उन्होंने कहा कि हम सरकार को याद दिला रहे हैं कि गोमाता को 'राज्य माता' का दर्जा देने के लिए समय कम बचा है। 1 मार्च को हम दोबारा पत्रकारों से मिलेंगे और आगे की स्थिति स्पष्ट करेंगे।

### उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने कहा

## मंदिरों व प्रबंधन से जुड़े व्यक्तियों के खिलाफ बढ़ते केस चिंताजनक

एजेंसी ▶▶ नैनीताल

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने बुधवार को हरिद्वार स्थित चंडी देवी मंदिर के मुख्य पुजारी के खिलाफ लगे आपराधिक आरोपों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। न्यायालय में दायर विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने कहा कि मंदिरों और आश्रमों के प्रबंधन से जुड़े व्यक्तियों के खिलाफ बढ़ते मामलों की संख्या चिंताजनक है तथा धार्मिक संस्था की गरिमा को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करती है। न्यायालय ने टिप्पणी की कि अगर धार्मिक स्थानों



से जुड़े पदाधिकारी सहवासी संबंध, घरेलू विवादों और छेड़छाड़ जैसे आरोपों का सामना कर रहे हैं तो स्थिति वास्तव में गंभीर है। कम से कम मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारे जैसे धार्मिक स्थल ऐसी गतिविधियों से मुक्त रहने चाहिए। इनके प्रबंधन प्रणालियों की उचित निगरानी सुनिश्चित करने औचक निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए।

## प्लेसमेंट के प्रथम चरण में 159 युवाओं का चयन

# एक दिवसीय युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार जिला स्तरीय करियर अवसर मेला संपन्न

**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना एवं जिला रोजगार कार्यालय, जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर में 19 फरवरी 2026 को एक दिवसीय युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार जिला स्तरीय करियर अवसर मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे विनीत रजक। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष आशीष राव, एम.एस. मरकाम एवं डॉ. नेहा दवे उपस्थित रहे। मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। इस अवसर पर विनीत रजक ने कहा कि युवा रोजगार प्राप्त कर या स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बनें और दूसरों को रोजगार देने में भी योगदान करें। उन्होंने बताया कि रोजगार/स्वरोजगार मेला युवाओं को करियर की दिशा तय करने में सहायक होता है।




मेला संयोजक प्रो. अरुण शुक्ल ने कार्यक्रम की रूपरेखा और अतिथियों का परिचय दिया। विशिष्ट अतिथि आशीष राव एवं डॉ. नेहा दवे ने कहा कि यह मेला युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों से अवगत कराने के लिए आयोजित किया गया है। प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने कहा कि मेला युवाओं के लिए विभिन्न रोजगार एवं स्वरोजगार अवसरों का केंद्र है।

मेला में लगभग 810 युवाओं ने प्लेसमेंट हेतु पंजीयन कराया, जिसमें से 159 युवाओं का चयन प्लेसमेंट के प्रथम चरण में हुआ। जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार केन्द्र, श्रम विभाग और नेशनल करियर सर्विस सेंटर ने स्टॉल लगाकर युवाओं को औद्योगिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र की मांग के अनुसार तैयार किया। उद्यमिता प्रदर्शनी में महाविद्यालय के दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित की गई। उत्पादों की बिक्री से प्राप्त राशि दिव्यांग विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी। मंच संचालन डॉ. रविश ताजिर तमन्ना ने किया और आभार प्रदर्शन एम.एस. मरकाम ने किया। कार्यक्रम में डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. राजेश शामकुंवर, डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. तृप्ति उकास, डॉ. मनीषा कोल, डॉ. जया वाजपेयी, डॉ. ज्योति जैन, डॉ. संघप्रिया तिवारी, डॉ. मीनाक्षी मेरावी, उमा भारती, पारस माखीजा, सोनम करसोलिया, कृतिका वर्मा, नवनीत महेश्वरी, सीमा सिंह जग्गी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# टैक्स चुकाने के बावजूद कब्जा हटाने का नोटिस जारी

## जमतरा पटवारी हल्का के निवासियों ने एसडीएम रांझी को दिया ज्ञापन

**जबलपुर।** जमतरा पटवारी हल्का नंबर 50 के पट्टाधारी परिवार ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय रांझी में ज्ञापन सौंपकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। निवासियों का आरोप है कि उनके नियमित कर भुगतान के बावजूद 11 फरवरी को प्रियंका पांडे और उनके पति संदीप पांडे के कथित प्रभाव में न्यायालय एवं अतिरिक्त तहसीलदार रांझी द्वारा सभी कब्जाधारियों को 6 मार्च तक कब्जा हटाने का नोटिस जारी किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि खसरा नंबर 122 पर रह रहे परिवार नियमित रूप से भूमि कर चुका रहे हैं, जबकि विवादित खसरा नंबर 121 प्रियंका पांडे ने सीताराम पटेल से खरीदा है। इसके बावजूद उन्हें नोटिस जारी करना अनुचित है। इस अवसर पर जमतरा हल्का के 12-13 परिवार और सैकड़ों की संख्या में किन्नर समुदाय के लोग उपस्थित रहे। किन्नर समुदाय की ओर से संतोषी माता, रानी, माही, जानवी, सनम, संजना हाजी, सोफी, संजना गुरु, पूजा गुरु, ईशा, पीहू, लारा, खुशी लाल यादव, शीलाबाई, अनीता बाई सहित अन्य लोग भी शामिल थे। निवासियों ने एसडीएम रांझी से आग्रह किया कि भूमि का पारदर्शिता पूर्ण सीमांकन किया जाए ताकि विवाद का समाधान हो सके और न्याय सुनिश्चित किया जा सके।






## गजरा राजा मेडिकल कॉलेज ग्वालियर से एमडी करेंगी डॉक्टर याशिका जैन

**जबलपुर।** इंडेक्स मेडिकल कॉलेज इंदौर से एमबीएस की डिग्री हासिल करने के बाद अब डॉक्टर याशिका जैन गजरा राजा मेडिकल कॉलेज ग्वालियर से पीजी में प्रवेश कर एमडी पैथो की पढ़ाई करेंगी, जो चिकित्सा जगत के लिए बड़ी उपलब्धि है। डॉक्टर याशिका जैन का चयन नीट पीजी ऑल इंडिया काउंसलिंग के सेकेंड राउंड में हुआ। वे सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के प्रांतीय मीडिया प्रभारी वरिष्ठ समाज सेवी दीपक राज जैन, संगीता जैन की बिटिया एवं इंजीनियर यशराज की बहन हैं। उनकी इस उपलब्धि पर दादा- दादी चन्द्राणी स्वामी प्रकाशचंद्र जैन, बड़े पापा- बड़ी मम्मी, चाचा- चाची, बुआ- फूफाजी, मामा- मामी, भाभी- भैया सहित समस्त शुभचिंतकों के साथ चिकित्सा जगत, शिक्षा जगत, सर्वोदय अहिंसा, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन एवं सकल जैन समाज ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# खुले में मछली विक्रय प्रतिबंधित गुरंदी में दुकानों का हुआ आवंटन

## शहर की स्वच्छता और सुव्यवस्थित मछली व्यवसाय के लिए संयुक्त पहल

**जबलपुर।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने और मछली व्यापार को नियमबद्ध करने के उद्देश्य से आज सूपाताल क्षेत्र में जबलपुर नगर निगम, मत्स्य विभाग मध्यप्रदेश एवं मछुआ समिति द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। कार्रवाई का उद्देश्य खुले में मछली विक्रय पर रोक लगाना तथा व्यापारियों को शासन द्वारा निर्धारित स्थानों पर स्थानांतरित करना है।



निरीक्षण के दौरान नगर निगम की अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह एवं मत्स्योद्योग विभाग के सहायक संचालक राजाराज तिलक धुर्वे अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मछुआ समिति के कार्य संचालन का जायजा लिया और स्थानीय व्यापारियों से संवाद किया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नगर निगम सीमा के भीतर स्वच्छता मानकों का पालन अनिवार्य है। नगर निगम एवं मत्स्य विभाग की विधिवत अनुमति के बिना खुले में मछली बेचने का व्यवसाय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गुरंदी क्षेत्र में विशेष रूप से दुकानों का आवंटन किया जा रहा है। व्यापारियों को निर्देशित किया गया है कि वे आवंटित स्थान पर स्थानांतरित होकर आवश्यक अनुमति के बाद ही व्यवसाय संचालित करें। इस पहल से सूपाताल एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा मछली व्यापारियों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित कार्यस्थल उपलब्ध हो सकेगा।

## मध्यप्रदेश "मिल्क कैपिटल" के बजट आवंटन में जबलपुर की अनदेखी

**जबलपुर।** इस वर्ष के बजट में पशुपालन विकास हेतु 2364 करोड़ का आवंटन कर मध्यप्रदेश को "मिल्क कैपिटल" बनाने की घोषणा की गई है। समूचे मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा मात्रा में "होल मिल्क" का निर्माण जबलपुर में हो रहा है, यह शासन ने माना है, किन्तु बजट आवंटन में जबलपुर की अनदेखी की गई है, यहां तक की पूर्व में घोषित जबलपुर डेयरी साइंस कॉलेज तथा डेयरी स्टेट खमरिया को भी नजरअंदाज किया गया है। जन संगठनों ने जबलपुर के जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री से चर्चा करें। तदानुसार उन्हें पत्र भेजा।

### डेयरी साइंस कॉलेज को बजट आवंटन नहीं

वर्ष 2019 को जबलपुर डेयरी साइंस कॉलेज को मंजूरी देने के बावजूद भी पिछले छह वर्षों से यह स्थापना नहीं हुई है, जबकि उज्जैन में इस संस्था का कार्य भी शुरू हो गया है। वेटरनरी यूनिवर्सिटी ने 64.43 करोड़ का वित्तीय अनुमान तीन वर्ष पूर्व में ही प्रस्तुत किया है, लेकिन उसे नजरअंदाज किया गया।

### डेयरी स्टेट खमरिया को बजट आवंटन नहीं

प्रदेश का एकमात्र डेयरी स्टेट का उद्घाटन 22 फरवरी 2022 में किया गया, इसे अब चार वर्ष बीतने के बावजूद भी वहां पर न तो डेयरियां शिफ्ट हुईं न ही डेयरी के लिए कोई बजट आवंटन किया गया है। बैठक में पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, टीके रायघटक, डीके सिंग, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, सुशीला कनौजिया, संतोष श्रीवास्तव, पीएस राजपूत, डीआर लखेरा, गीता पांडे सहित अन्य उपस्थित रहे।



## तक्षशिला में पॉलीटेक्निक छात्रों के लिए एसकेएचएम ऑटोमोटिव इंडिया प्रा.लि. का ओपन कैम्पस आयोजित

**जबलपुर।** तक्षशिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में पॉलीटेक्निक डिप्लोमा के सभी ब्रांच के छात्रों के लिए एसकेएचएम ऑटोमोटिव इंडिया प्रा.लि. टेलीगांव (पुणे) द्वारा ओपन कैम्पस का आयोजन किया गया, जिसमें 96 छात्रों का रजिस्ट्रेशन हुआ, तत्पश्चात उन्होंने प्लेसमेंट वार्ता, एप्टीट्यूड टेस्ट, लिखित परीक्षा दी तथा उत्तीर्ण छात्रों का साइकोमैट्रिक टेस्ट तथा फाइनल साक्षात्कार होने के पश्चात 36 छात्रों को शॉर्टलिस्ट किया गया, इसमें से 27 छात्रों का चयन हुआ, जिनका जॉब लोकेशन पुणे होगा। एसकेएचएम ऑटोमोटिव इंडिया प्रा.लि. के एचआर मिस श्वेता ताम्बेकर एवं सागर माते ने बताया कि सभी चयनित छात्रों की डिप्लोमा इंजीनियरिंग ट्रेनी के पद पर नियुक्ति की जाएगी।चयनित छात्रों को संस्था के चेयरमेन आरएन पहारिया, सचिव शरद कुमार गुप्ता, शरद जैन, डॉ. आईके खन्ना, प्राचार्य डॉ. बीके साहू ने बधाई दी। कैम्पस को सफल बनाने में टीपीओ डॉ. नितिन गौर, प्रो. गुरबानी कौर पदम, प्रो. पलक पैगवार, प्रो. राहुल तिरेल एवं अनीता गुप्ता का विशेष योगदान रहा।



## अन्नपूर्णादास काठिया बाबा की द्वितीय पुण्य स्मृति व मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पर हुआ भंडारा

**जबलपुर।** काल्याणेश्वर महादेव मंदिर दरोगा घाट अग्रवाल धर्म शाला के सामने, गोलोकवासी बृजराज खालसा के महंत अन्नपूर्णादास काठिया बाबा महाराज की द्वितीय तिरोभाव (पुण्य स्मृति) व मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पर दिनांक 19 फरवरी गुरुवार को मध्यान्ह 12 बजे से भण्डारा आयोजित किया गया तथा गो लोकवासी परम पूज्य सत गुरू देव भगवान का स्मरण किया गया। इस अवसर पर परमहंस योगीराज परिवृजाकाचार्य महामंडेश्वर शुकदेव दास काठिया बाबा महाराज, आयोजक काठिया बाबा आश्रम की महंत माँ नर्मदेश्वरी माताजी व श्यामदास, सुरेन्द्रदास कटनी झांसी घाट, हरिओम सिलौड़ी, प्रकाश नंद सहित अनेक संत महात्माओं की उपस्थिति रही।

# स्वच्छता के प्रति निगमायुक्त की सख्ती: वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट व आईएसबीटी का किया औचक निरीक्षण

## प्लांट परिसर सुधारने 15 दिन की मोहलत, 'मेरा कचरा-मेरी जिम्मेदारी' अभियान को मिला बल

**जबलपुर।** शहर को स्वच्छता के शिखर पर पहुंचाने के उद्देश्य से नगर निगम के निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट, वॉशिंग पिट सेंटर एवं आईएसबीटी परिसर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्लांट का संचालन कर रही कुंदन ग्रीन एनर्जी के प्रतिनिधियों को 15 दिनों के भीतर परिसर को साफ, स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के कड़े निर्देश दिए गए। निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वयं निगरानी रखकर परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित करें और नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके उपरांत आई.एस.बी.टी. परिसर एवं वॉशिंग पिट सेंटर का भी निरीक्षण कर त्वरित कार्य पूर्ण करने और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने दुकानदारों से संवाद कर दुकानों के बाहर डस्टबिन रखने तथा स्वच्छता के प्रति सजग रहने की समझाइश दी। उन्होंने स्वयं दुकानों एवं प्रतिष्ठानों पर "मेरा कचरा-मेरी जिम्मेदारी" के स्टीकर चस्पा कर स्वच्छता का संदेश दिया। आईएसबीटी परिसर में निगमायुक्त की उपस्थिति में स्वच्छता महाश्रमदान अभियान भी चलाया गया, जिसमें सैकड़ों सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी ने पॉलिथीन और प्लास्टिक का उपयोग न करने, कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखने तथा अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने का संकल्प लिया।





## पं. अरुण शुक्ला स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार व सम्मान समारोह आज

जबलपुर। पत्रकारिता में अपना अविस्मरणीय योगदान प्रदान करने वाले पं. अरुण शुक्ला की स्मृति में 31वां अरुणोदय 2026 का आयोजन 20 फरवरी को आयोजित है। संस्थापक आशीष शुक्ला ने बताया कि अरुणोदय यश भारत कार्यालय में अपरान्ह 3.30 बजे से आयोजित कार्यक्रम में राकेश सिंह मंत्री लोनिवि, मप्र शासन एवं विवेककृष्ण तन्खा राज्यसभा सांसद का वर्चुअल संबोधन होगा। वरिष्ठ पत्रकार एनके सिंह के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम की अध्यक्षता जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर जबलपुर करेंगे। विशिष्ट अतिथ के रूप में डॉ. पीके मिश्रा कुलपति, जनेकृविवि, डॉ. अशोक खंडेलवाल कुलपति, मप्र चिकित्सा विज्ञान विवि, डॉ. राजेश वर्मा कुलपति रादुविवि जबलपुर, राघवेन्द्र सिंह कलेक्टर, सम्पत उपाध्याय पुलिस अधीक्षक, मनोहर वर्मा सेवानिवृत्त उप पुलिस महानिरीक्षक, डॉ. परिमल स्वामी वरिष्ठ चिकित्सक कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। समारोह में नगर के चुनिंदा पत्रकारों व श्रेष्ठ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को श्रीफल, प्रतीक चिन्ह और सम्माननिधि से पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर डायरेक्टरी अरुणोदय 2026 का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया जाएगा।उपस्थिति की अपील सतीश उपाध्याय, शरद जैन, पूर्व मंत्री, उदयभान सिंह, नवनीत जैन, पर्व जायसवाल, राजुल करसोलिया, अवधेश कटारे, आदित्य पंडित, अखिलेश शुक्ला, आशीष शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, सौरभ शुक्ला, अर्पित शुक्ला, अंकित शुक्ला, रुझान उपाध्याय, त्वरित उपाध्याय, प्रखर, मोनिका, साक्षी, अस्तित्व, अर्थ, कृष्णा, अग्रज, सांझ, कुहू, यशिका ईशानी, आर्यन ने की है।

# शुष्क फलों को मार्केटिंग से जोड़कर बाजारोन्मुखी खेती बढ़ाने की आवश्यकता : कुलपति

## जनेकृविवि में उन्नत उत्पादन तकनीकी विषय पर प्रशिक्षण संपन्न

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में अखिल भारतीय शुष्क क्षेत्र फल समन्वित अनुसंधान परियोजना, उद्यान शास्त्र विभाग द्वारा अनुसूचित जाति उपयोजना कार्यक्रम के अंतर्गत "मध्यप्रदेश में शुष्क क्षेत्रीय फलों की उन्नत उत्पादन तकनीकी" विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।




कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि बेल, आंवला, इमली, सीताफल जैसे शुष्क क्षेत्रीय फलों का उत्पादन करने वाले किसानों को उत्पादों को सीधे मार्केटिंग से जोड़कर बाजारोन्मुखी खेती को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने शुष्क फलों के पोषण महत्व पर भी प्रकाश डाला। अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय एवं विभागाध्यक्ष डॉ. स्वाती बारचे ने स्वागत उद्बोधन देते हुए प्रशिक्षण के उद्देश्य स्पष्ट किए। उन्होंने बेल, बेर, जामुन, सीताफल सहित अन्य फलों की उन्नत किस्मों और उत्पादन तकनीकों की जानकारी किसानों को दी। परियोजना प्रभारी डॉ. यू.के. चंदेरिया ने बताया कि यह परियोजना वर्ष 2009 से संचालित है और इसके माध्यम से किसानों को समय-समय पर तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान कुलपति द्वारा सीताफल एवं जामुन की उन्नत उत्पादन तकनीकी पर आधारित फोल्डर का विमोचन किया गया। साथ ही पनागर तहसील के झुरझुर, निपनिया सहित अन्य गांवों के किसानों को उर्वरक खाद मिश्रण, कृषि यंत्र (फावड़ा) एवं ग्राफ्टेड बेल के पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम में अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. जयंत भट्ट, कुलसचिव डॉ. ए.के. जैन, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी.के. कौतु, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा, उप लेखानियंत्रक डॉ. अजय खरे, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा सहित अनेक वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं किसान उपस्थित रहे। संचालन डॉ. बी.पी. बिसेन तथा आभार प्रदर्शन डॉ. भारती चौधरी ने किया।

## निषाद वंशीय समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 22 को

**जबलपुर।** निषाद वंशीय समाज का युवक-युवती परिचय/ परिणय सम्मेलन 22 फरवरी को जानकीरमण कॉलेज आगाचौक में प्रातः 10 बजे से शाम 06 बजे तक आयोजित है। उक्त कार्यक्रम में उपस्थिति का निवेदन केवट, कश्यप, मल्लह, रैकवार, सौंधिया, कहार, बर्मन, भोई, नवैत, नाविक, ढीमर, सिंगरहा, बिंद, माझी एवं समस्त निषादवंशीय समाज ने किया है।

**CHANGE OF NAME**

I, was known as Gouraiyya Yadav I, have changed the Spelling of my first name and hence forth I, shall be known as Gouraiya yadav S/O Ramaiya Yadav, Resident of flat no. 2,1st floor, Datt Enclave, Napier Town,Jabalpur, Madhy Pradesh, 482001.

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक-12 घंटाघर नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.सं.अधि/सं.क्र.12/2025-26/ एम-50
दिनांक:- 19/02/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री एलेश रोहरा पिता श्री अशोक रोहरा ने मकान नं. 460/1 का भाग वार्ड लोकमान्य तिलक कुल क्षेत्रफल 180 व.फु. निर्मित क्षेत्रफल 180 व.फु. भूतल 180 व.फु. com. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-12, घंटाघर नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.12 घंटाघर
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक-12 घंटाघर नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.सं.अधि/सं.क्र.12/2025-26/ एम-49
दिनांक:- 19/02/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनोज पंजवानी पिता श्री अर्जुन दास पंजवानी, अर्जुन दास पंजवानी पिता श्री लोकूमल पंजवानी ने मकान नं. 460/1 का भाग वार्ड लोकमान्य तिलक कुल क्षेत्रफल 363 व.फु. निर्मित क्षेत्रफल 363 व.फु. भूतल 363 व.फु. com. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-12, घंटाघर नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.12 घंटाघर
नगर निगम, जबलपुर